हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026



# कर्मचारियों का वेतन लंबित, होली से पहले भुगतान की कवायद में जुटा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के विकास की जिम्मेदारी संभालने वाला नगर निगम अपने कर्मचारियों को ही समय पर वेतन नहीं दे पा रहा है। हालत यह है कि होली जैसे त्योहार से पहले कर्मचारियों को तीन से पांच महीने तक का वेतन भुगतान लंबित है। इतना ही नहीं सफाई ठेके सहित कई विकास कार्यों का भुगतान भी कई महीने से लंबित है। ऐसे में सवाल उठता है कि निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि माली हालत सुधारने के लिए कोई प्लानिंग क्यों नहीं बना पा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार वेतन की मांग करने पहुंचने पर कर्मचारियों को कमजोर राजस्व वसूली का हवाला देकर शांत करा दिया जाता है। वहीं नियमित सफाई कर्मचारियों के साथ ही ठेके में सफाई व्यवस्था संभालने वाली महिला समूहों को भी समय पर भुगतान निगम नहीं कर पा रहा है। ऐसा भी नहीं है कि निगम फण्ड की किल्लत से जूझने पर फिजलखर्च ना कर रहा हो, हाल ही मैं शहर के कई इलाकों में इंटर लॉकिंग कराई जा रही है।

## दो से तीन महीने का वेतन लंबित, कर्मचारियों ने त्योहार से पहले भुगतान की रखी मांग

### होली त्योहार से पहले भुगतान का आश्वासन

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम अपने कर्मचारियों को होली त्योहार से पहले एक से दो महीने का वेतन भुगतान कर सकता है। बताया गया कि कर्मचारियों को आला अफसरों के द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि त्योहार से पहले भुगतान किया जाएगा। ज्ञात हो इस बार तीन एवं पांच मार्च को होली का पर्व मनाया जाना है।

### खास बातें

- नगर निगम में 396 नियमित कर्मचारी
- हर महीने सफाई के नाम पर खर्च हो रहे लाखों रुपए




### निगम में एक हजार कर्मचारी

ज्ञात हो नगर निगम में नियमित, प्लेसमेंट और सफाई ठेका के कर्मचारियों को मिलाकर कुल संख्या एक हजार के करीब है। इनमें 396 नियमित, 224 प्लेसमेंट, 309 सफाई ठेका और 92 मास्टर रोल के कर्मचारी शामिल है। इन कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए निगम को हर महीने दो करोड़ से अधिक रुपए का भुगतान किया जाता है। इनमें कई कर्मचारियों को तीन से पांच महीने तक का वेतन भुगतान लंबित है। ऐसे में पर्व से पहले कर्मचारी भी परेशान है।

### 24 करोड़ वसूली का टारगेट

निगम से मिली जानकारी के अनुसार इस साल कुल 24 करोड़ 16 लाख रुपए राजस्व वसूली का टारगेट रखा गया है। इसमें अब तक लगभग 65 फीसदी वसूली का काम किया गया है। जबकि वित्तीय वर्ष का अंतिम महीने मार्च शुरू होने वाला है। 35 फीसदी वसूली शेष है। यही कारण है कि नगर निगम में वेतन भुगतान को लेकर भी संकट नजर आ रहा है।

## खबर संक्षेप

### बैठक 2 को

**राजनांदगांव।** चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए 2 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

**फार्म हाउस भूमि बेचना हैं**

50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
9243901653
8770053130

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

## निजी स्कूलों की याचिका हाईकोर्ट से खारिज, नहीं मिली राहत

# शिक्षा विभाग ही लेगा निजी स्कूलों में 5वीं-8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव सहित प्रदेश के निजी स्कूलों में पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ही आयोजित की जाएगी। बिलासपुर हाईकोर्ट ने निजी स्कूल संघ द्वारा लगाई गई याचिका खारिज कर दी है। गौरतलब है कि प्रदेश में पिछले शैक्षणिक सत्र से 5वीं तथा 8वीं कक्षा की परीक्षाएं केंद्रीकृत कर दी गई है।

अर्थात ये परीक्षाएं बोर्ड होगी और राज्य स्तर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाएगी। इसके विरोध में निजी स्कूल संघ ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। संघ ने निजी स्कूलों को इस परीक्षा से अलग रखने और उन्हें परीक्षा लेने की छूट देने याचिका लगाई थी। केंद्र सरकार ने 16 दिसंबर 2024 को आरटीई कानून में संशोधन कर दिया था। संशोधन के अनुसार कक्षा पांचवी और आठवीं में वार्षिक परीक्षा आयोजित की जा सकती है।




### निजी स्कूलों की याचिका खारिज

सुनवाई के बाद न्यायाधीश नरेश चंद्रवंशी ने निजी स्कूल संगठन की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने माना कि संशोधित कानून के बाद बोर्ड परीक्षा कराना पूरी तरह वैध है। प्रदेश में 6,800 निजी स्कूल है। इनमें से 600 विद्यालय सीबीएसई संबद्ध है। शेष 6,200 विद्यालय छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल संबद्ध है। छग बोर्ड से संबंधित निजी स्कूलों में ही पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं स्कूल शिक्षा विभाग ले सकेगा। सीबीएसई स्कूल अपने छात्रों की परीक्षाएं पूर्ववत स्वयं ही लेंगे।

### इसलिए मिली थी छूट

पिछले सत्र में बोर्ड परीक्षा संबंधित आदेश सत्र के लगभग अंत में जारी किया गया था। निजी स्कूलों का तर्क था कि उन्हें 5वीं-8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा की पूर्व से जानकारी नहीं दी गई थी। इसी आधार पर निजी स्कूलों को हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी। सत्र 2024-25 में हुए विवाद को देखते हुए सत्र 2025-26 की शुरूआत में ही स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राइवेट स्कूलों के लिए आदेश जारी कर दिया था कि उनके लिए पांचवी-आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होना अनिवार्य होगा। इस कारण निजी स्कूलों को इस बार राहत नहीं मिल सकी। अब शासकीय और निजी दोनों ही विद्यालयों को एक समान प्रश्न पत्र बांटे जाएंगे और उनका एक समान मूल्यांकन हो सकेगा।

## 5वीं-8वीं में फेल होने का डर खत्म अगली कक्षा में मिल जाएगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा विभाग ने 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर स्पष्ट किया है कि इस साल किसी भी बच्चे को फेल नहीं किया जाएगा। मुख्य परीक्षा में असफल होने पर पूरक परीक्षा का अवसर मिलेगा। उसमें भी सफल नहीं होने पर छात्र को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। दरअसल आरटीई लागू होने के बाद कक्षा 1 से 8 तक परीक्षा पर रोक थी। विभिन्न राज्यों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार ने आरटीई में शिथिलता दी। 5वीं-8वीं की परीक्षा लेने की अनुमति राज्यों को दी। इसके बाद राज्य शासन ने पिछले साल से परीक्षा फिर शुरू की है।

ध्यान रहे कि इस साल घोषित समय-सारिणी के अनुसार 5वीं की परीक्षा 16 मार्च से और 8वीं की 17 मार्च से शुरू होगी। परीक्षा में सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों के साथ छत्तीसगढ़ बोर्ड सेकंडरी ऑफ एजुकेशन से मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल भी शामिल होंगे। पिछले साल अचानक निर्णय और समय पर अधिसूचना जारी नहीं होने के कारण प्राइवेट स्कूल संचालकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, तब कोर्ट ने परीक्षा में शामिल होने का निर्णय स्कूलों पर छोड़ दिया था। नतीजतन केवल 15% प्राइवेट स्कूलों के छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। इस बार सभी मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।


**3 माह तक सुरक्षित रहेगी उत्तर पुस्तिकाएं:** जारी गाईड लाइन के अनुसार मूल्यांकन के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को सीलबंद पैकेट में विकासखंड स्तर पर 3 महीने तक सुरक्षित रखना होगा। इसकी जिम्मेदारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी की होगी। मूल्यांकन केंद्र संकुल विद्यालयों में बनाए जाएंगे। शिक्षा विभाग का कहना है कि परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता का आंकलन करना है, न कि उन्हें असफल घोषित करना।

### मानदेय और शुल्क तय

इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने परीक्षा से जुड़े मानदेय और शुल्क भी तय किए हैं। 5वीं की परीक्षा के लिए प्रति छात्र 55 रुपए और 8वीं के लिए 60 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है, जो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा होगा। 5वीं की उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के लिए 2 रुपए और 8वीं के लिए 3 रुपए प्रति कॉपी दिए जाएंगे। मुख्य मूल्यांकनकर्ता को 100 रुपए प्रतिदिन और केंद्राध्यक्ष को 150 रुपए प्रतिदिन मानदेय मिलेगा।

## मार्च में बनेगा बारिश के आसार

# दिन-रात के तापमान में अंतर, बीमार हो रहे लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बेमौसम बारिश के बाद फिर से अब तापमान में वृद्धि का ट्रेंड शुरू हो गया है। अंचल का तापमान चढ़कर 35 डिग्री के करीब पहुंच गया है। जबकि रात का पारा अब भी 20 डिग्री से नीचे है। दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ने का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रही है। निजी क्लिनिक से लेकर सरकारी अस्पताल तक मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोत्तरी की वजह बदलता मौसम है। डॉक्टरों के अनुसार तापमान में बड़े अंतर की वजह से लोगों को सर्दी–खांसी, बुखार, उल्टी–दस्त की समस्या देखी जा रही है। मौसम का सबसे ज्यादा असर बच्चे और युवा वर्ग में देखा जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार खानपान की आदतों में अचानक किए गए बदलाव की वजह से भी लोग बीमार पड़ रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय सिस्टम की वजह से बीते दो-तीन दिनों से आसमान में बादल मंडरा रहे थे। बेमौसम बारिश भी देखने को मिली, लेकिन अब दोबारा धूप में इजाफा हो रहा है। जिसके चलते जहां रात में हल्की ठंड का वातावरण बना हुआ है। वहीं दिन में गर्मी बढ़ गई है।

### अधिकतम पारा बढ़ेगा

एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 49 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। यह पश्चिमी विक्षोभ 2 मार्च से उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। प्रदेश में 26 फरवरी को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले एक सप्ताह में दो से तीन डिग्री वृद्धि होने की संभावना है। जबकि न्यूनतम तापमान में अगले दो दिनों में गिरावट के बाद वृद्धि होने की संभावना है। उपरोक्त पश्चिमी विक्षोभ के कारण 1 मार्च से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर वर्षा होने की स्थिति बन रही है।

# आंगनबाड़ियों में लटका ताला, हड़ताल पर कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज से दो दिवसीय हड़ताल की शुरूआत कर दी गई है। हाल ही में पेश हुए केन्द्र और प्रदेश के बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रावधान नहीं किए जाने से नाराजगी व्यक्त करते हुए नारेबाजी की गई।

शासकीय कर्मचारी घोषित करने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दो दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। कलेक्टोरेटे कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। आंगनबाड़ी संघ की जिला अध्यक्ष गीता ठाकुर ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की नियुक्ति आंगनबाड़ी केन्द्रों और महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों के सम्पादन के लिए किया जाता है, लेकिन वर्तमान में शासन के लगभग सभी विभागों का काम लिया जाता है। उन्होंने कहा कि बजट से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका आशान्वित थी, की सरकार आर्थिक स्थिति को देखते हुए मानदेय में बढ़ोतरी करेगी, लेकिन हमेशा की तरह इस बार भी निराशा ही मिली । हड़ताल से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज ताला लटका रहा। धरना प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुई। वहीं अपनी मांगों को जायज बताते हुए जमकर नारेबाजी की और मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

### कलेक्टर दर पर भुगतान की मांग

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संयुक्त मंच की जिला अध्यक्ष संतोषी वर्मा ने कहा कि सरकार हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है, जब तक सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित नहीं करती, तब तक कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 9 मार्च को प्रदेश की राजधानी रायपुर में धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा।

# एंबुलेंस ने गाय को ठोकर मारते हुए बाइक सवार को रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खैरागढ़ के इतवारी बाजार में अनियंत्रित एंबुलेंस ने बाइक सवार को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद एंबुलेंस सहित चालक फरार हो गया है। जिसकी पतासाजी में पुलिस टीम लगी हुई है।

घटना बुधवार शाम 7 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार निजी एबुलेंस इतवारी बाजार के एटीएम के पास पहुंची थी, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया। एंबुलेंस ने पहले सड़क पर मौजूद गाय को ठोकर मारी। इसके बाद सामने चल रहे बाइक सवार को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में किलापारा निवासी 45 वर्षीय कमल नारायण तिवारी को गंभीर चोंटे आई थी, जिसे तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर आरोपी चालक एंबुलेंस सहित फरार हो गया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर चालक की पतासाजी शुरू कर दी है। बता दें कि बीते 6 महीने में निजी एंबुलेंस के अनियंत्रित रफ्तार से 3 हादसे हो चुके हैं। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है।

# होली से पहले जांच, पनीर-मैदा के लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली त्योहार को देखते हुए अब जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम एक्टिव हो गई है। टीम गठित कर विभाग ने शहर सहित जिले में मिठाई सहित पनीर, आटा और मैदा का सैंपल कलेक्शन किया है। जिसकी जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों पर एक्शन लिया जाएगा।



प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के साथ डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आशीष डेयरी एवं डेली नीड्स डोंगरगढ़ से शंका के आधार पर घी, पनीर एवं खारी का नमूना तथा जैन स्वीट्स तुमड़ीबोड़ से मिल्क कतली एवं नमकीन का नमूना संकलित कर उच्च स्तरीय जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है।

### 125 सैंपल किए संकलित

टीम द्वारा क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों से मिठाई, घी, पनीर, नमकीन, आटा, मैदा, बेसन, सूजी, बेकरी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के कुल 125 नमूने संकलित किए गए और चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर जांच की गई। जिनमें से 118 नमूने मानक एवं 5 नमूने अवमानक पाए गए। उक्त नमूनों में से यदि कोई नमूना अवमानक, मिथ्याछाप या असुरक्षित पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी कार्रवाई कर प्रकरण को यथाशीघ्र सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## पूर्व सीएम ने कहा विभाजन छग के लिए अच्छा रहा, सरकार पर साधा निशाना

# नक्सलियों को कभी नहीं रहा कांग्रेस का समर्थन: दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह बुधवार की रात राजनांदगांव पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस के पूर्व विधायक शहीद उदय मुदलियार एवं युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के निवास में पहुंचकर उनके परिजनों से सौजन्य भेंट की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं व पटाखे फोड़कर गर्म जोशी से स्वागत किया।

मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ की यात्रा पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुदलियार निवास में पत्रकारों से चर्चा करते केंद्र की मोदी सरकार को कई मुद्दों पर घेरा। वहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश में नक्सलियों के खात्में को लेकर जारी डेडलाइन पर कहा कि कांग्रेस ने हमेशा नक्सली हिंसा का विरोध किया है। उन्होंने भावनात्मक रूप से पूर्व विधायक दिवंगत उदय मुदलियार के नक्सल हमले में मारे जाने की घटना को याद करते कहा कि जिन नक्सलियों ने उदय मुदलियार समेत कई कांग्रेसियों को मार डाला, ऐसे हिंसावादी नक्सलियों का न वह खुद, बल्कि न कांग्रेस समर्थन करती है, लेकिन दूरस्थ वनांचल में रहने वाले आदिवासियों का संरक्षण हमें करना है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का शोषण रूकना चाहिए। उन्होंने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते कहा कि वर्तमान सरकार बस्तर के नैसर्गिक संसाधनों का दोहन कर रही है। उन्होंने कहा कि नगरनार माइंस के लिए लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है।



**मां बम्लेश्वरी के किए दर्शन:** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने गुरुवार की सुबह डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। श्री सिंह हमेशा की तरह इस बार भी सीढ़ियों से चढ़कर मां के मंदिर में पहुंचे। इसके पहले उन्होंने डोंगरगढ़ में गट्टानी परिवार के घर पहुंचकर भेंट मुलाकात की। इसके बाद वे बालाघाट के लिए रवाना हो गए।

### ट्रेड डिल से होगा किसानों को नुकसान

ट्रेड डिल के मामले में दिग्विजय सिंह ने कहा कि मोदी के कार्यकाल में देश के हितों को बचाया जा रहा है, जो चिंता का विषय है । उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध हुआ। चार दिन बाद ट्रंप ने सीजफायर का ऐलान किया। जबकि भारत-पाकिस्तान की ओर से कुछ नहीं कहा गया । ट्रंप ने कहा कि मैंने युद्ध विराम कराया, फिर ट्रेड लाया गया । उन्होंने कहा कि इस ट्रेड डिल से सारा कृषि उपज अमेरिका से आएगा तो यहां के किसानों को काफी नुकसान होगा।

### छग का हुआ विकास

मध्यप्रदेश से पृथक होकर बने छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अच्छी प्रगति की है, विभाजन छत्तीसगढ़ के लिए अच्छा रहा है।

### ट्रंप, मोदी को कर रहे ब्लैकमेल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि ट्रंप मोदी को क्यों ब्लैकमेल कर रहे हैं, यह खोज का विषय है। उन्होंने कहा कि एआई सबमिट का कोई असर यहां नहीं होगा। यह सब अमेरिकन मार्केट का यहां विस्तार करने का प्रयास है।

## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक परीक्षा की तिथि घोषित

**डोंगरगांव।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों के लिए रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 27 फरवरी सुबह 7:30 बजे से रखी गई है। इसी प्रकार वनस्पतिशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 28 फरवरी को सुबह 9 बजे और प्राणिशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 2 मार्च को सुबह 9 बजे आयोजित होगी।

### शराब दुकान 4 को बंद रहेगी

**खड़गांव।** आबकारी विभाग के अधिकारी श्री देवांगन ने बताया कि वाणिज्यिक कर विभाग ने आगामी 4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश अंतर्गत 4 मार्च को शराब की बिक्री, परोसने और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, बार, अहाता 4 मार्च को बंद रहेंगे। इस दिन संदिग्ध स्थानों और वाहनों की जांच कर दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### महिला समूह ने शुरू किया दूध खरीदी



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में महिला समूह की श्वेत गंगा दुग्ध उत्पादन समिति ने गाय का दूध खरीदी करने का निर्णय लिया है। गुरूवार को सरंपच संतोष यदु के आतिथ्य में पूजा अर्चना एवं दूध तौल कर खरीदी केन्द्र का शुभारंभ किया गया। श्री यदु ने कहा कि समूह में महिला आत्मनिर्भर हो रही है तथा आय का स्त्रोत भी बढ़ रहा है। अब गांव सहित क्षेत्र के गौपालकों को गाय का दूध बेचने भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हे सही दाम समय पर भुगतान किया जाएगा। इस मौके पर पशु विभाग के अधिकारी श्री गावड़े, जेठियाबाई, उमाबाई, मनोज साहू, दूधेराम पाल, मुन्ना वर्मा, रूपेन्द्र, नरोत्तम कुमार, डोमेश्वरी साहू, अंजनी पाल, टोमिन साहू, प्रेमीन साहू, भारती साहू, तीजन पाल, लता यादव, बिसन यादव, रितेश्वरी सिन्हा, मनोहर पाल सहित अन्य मौजूद थे।

### जेईई परीक्षा में नीरव कामयाब



**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर निवासी विकास अग्रवाल के पुत्र नीरव अग्रवाल ने पहले ही अटेम्प्ट में जेईई की परीक्षा में सफल होकर परिवार का नाम रोशन किया है। वह पूर्व जनपद सदस्य अजय अग्रवाल के भतीजे हैं। नीरव ने पहले ही प्रयास में 96 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया है। प्रारंभ से ही मेधावी नीरव ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई लालबहादुरनगर तथा डोंगरगढ़ में की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

### गांजा तस्कर पकड़ाया



**डोंगरगढ़।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को पकड़ा है। आरोपी से 111 ग्राम गांजा, 21 सौ नकदी और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी हिमांशु बघेल निवासी मुरमुंदा को 25 फरवरी को पिपरिया रोड पर शनि मंदिर के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत केस दर्ज कोर्ट में पेश किया।

## उत्पीड़न का मामला लेकर थाना पहुंची शिक्षिका

# उठक बैठक कराने वाले दोषियों को जांच में मिली क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल अंबागढ़ चौकी में 100 बार उठक बैठक कराने से अपंगता की दहलीज तक पहुंच गए 10 वी के छात्र के मामले में शिक्षा विभाग ने अपनी जांच रिपोर्ट में दोषी शिक्षिकाओं को क्लीन चिट दे दिया है। इधर सहायक ग्रेड 3 की महिला कमर्चारी ने व्याख्याता पर मानसिक प्रताड़ना, दुर्व्यवहार, अश्लील हरकत करने के आरोप लगाते हुए कलेक्टर, एसपी एवं जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत किया है।

इस मामले की जांच दो विशाखा समिति, आधा दर्जन जांच टीम को जांच कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग के अफसर और प्राचार्य जांच के नाम पर व्याख्याता को बचाने हर तरह का हथकंडा अपना रहे हैं। छह महीने के भीतर व्याख्याता सुशील चौरसिया के खिलाफ एक और मामला सामने आया है जिसमें महिला व्याख्याता ने मानसिक प्रताड़ना, धमकाने तथा विशाखा समिति के जांच में क्लीन चिट देने को लेकर दबाव बनाने का मामला उजागर किया है। महिला व्याख्याता ने जिला प्रशासन तथा अंबागढ़ चौकी पुलिस से शिकायत कर शिक्षा विभाग की पोल खोलकर सामने ला दिया है। व्याख्याता सुशील चौरसिया के खिलाफ अब तक एक प्रधान पाठिका , एक तृतीय श्रेणी महिला कर्मचारी तथा एक व्याख्याता ने गंभीर एलिगेशन के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है।

## विवादों में आत्मानंद स्कूल



**अंधेर नगरी चौपट राजा**

आत्मानंद स्कूल में महिला उत्पीड़न के मामले में व्याख्याता सुशील चौरसिया के खिलाफ एक प्रधान पाठिका तथा एक तृतीय वर्ग महिला कर्मचारी के शिकायत पर जिला शिक्षा विभाग मंद गति से जांच कर रहा है।इसी बीच एक और महिला व्याख्याता ने बेहद गंभीर आरोपों के साथ व्याख्याता के खिलाफ शिकायत किया है।

### फिर भी दिया क्लीन चिट

नगर में बूट हाउस का संचालन कर रहे परिवार के होनहार छात्र को कठोर शारीरिक दंड देने से वह एक माह से नस में ब्लड सरकुलेशन नहीं होने के कारण उठ बैठ नहीं हो पा रहा था। अंबागढ़ चौकी, राजनांदगांव तथा रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज करवाने के बाद यह छात्र मुश्किल से परीक्षा दे रहा है। इधर इस मामले की जांच कर रहे विकासखंड शिक्षा अधिकारी की टीम ने जांच रिपोर्ट बदलते हुए दोषी शिक्षिकाओं को प्रतिवेदन में निर्दोष साबित कर दिया है जिसकी पुष्टि जिला शिक्षा अधिकारी ने की है।

### लगातार हो रही घटनाएं

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद स्कूल में एक माह पहले 10 वीं के एक छात्र को 100 बार उठक बैठक कराने की सजा दी गई थी। छात्र का ब्लड सर्कुलेशन नहीं होने के कारण वह एक महीने से डॉक्टरी प्रिपरेशन में है। इस दौरान वह विद्यार्थी तकलीफ के बीच परीक्षा दे रहा है। इस मामले में जांच के नाम पर सच्चाई को दबाते हुए शिक्षा विभाग ने दो शिक्षिकाओं को क्लीन चिट दे दिया है। वहीं सहायक ग्रेड 3 की महिला कर्मचारी ने हिन्दी माध्यम के भौतिक शास्त्र के व्याख्याता सुशील चौरसिया के खिलाफ संगीन आरोप लगाते हुए आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने मामले की जांच और कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर, एसपी और जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन दिया है, जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के लिए दो विशाखा समिति सहित आधा दर्जन जांच टीम नियुक्त किया है। प्राचार्य और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को विभाग ने जांच के लिए निर्देशित किया है जो प्रशासनिक आदेश का अवहेलना करते हुए जांच नहीं करने के लिए विभाग को जवाब दे दिए हैं। अब स्कूल की तीसरी महिला व्याख्याता ने मानसिक प्रताड़ना, दबाव, धमकी तथा विशाखा समिति के जांच में क्लीन चिट देने दबाव बनाने का मामला कलेक्ट्रेट, जिला शिक्षा अधिकारी तथा अंबागढ़ चौकी पुलिस तक पहुंचा है।

## सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने का निर्णय




हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

- अग्रवाल समाज की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय
- अप्रैल में होगा परिचय सम्मेलन

अग्रवाल समाज की पुरानी परंम्परा के अनुरूप सामूहिक विवाह के साथ अग्रमंथन और अग्रधरोहर को परंपरागत तरीके से बढ़ाने समाजिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में आगामी 4 एवं 5 अप्रेल को होने वाले परिचय सम्मेलन की रूपरेखा बनाई गई। अग्रवाल समाज रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, किशन अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, सतपाल जैन, बिसंभर अग्रवाल, डॉ नीरज अग्रवाल की उपस्थिति में स्थानीय स्वागतम होटल में समाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में सामूहिक विवाह को बढावा देने के अलावा मानव सेवा, धर्म को बढावा, शिक्षा, स्वास्थ्य, गौशाला, मंदिर, छात्रावास, धर्मशाला, वृद्धाश्रम, दैनिक भोजन सेवा से जुड़ने का संकल्प लिया गया। अप्रैल में होने वाले परिचय सम्मेलन के साथ युवक युवतियों का सामूहिक विवाह करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सिद्धगोपाल नरेडी, हुकुमचंद अग्रवाल, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, बिरेन्द्र अग्रवाल, पुनम श्रीराम अग्रवाल, केशव अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रकाश मांगीलाल, गणेश नरेडी, मनमोहन अग्रवाल, संदीप पचेरी, शरद अग्रवाल, गिरधारी मेहडिया, राकेश भूत, कमल किशोर लोहिया, गोपाल खेमुका, प्रकाश नरेडी, नितिन पचेरी सहित अन्य उपस्थित थे।



### राधाकृष्ण मंदिर में 3 जोड़ों का विवाह

**डोंगरगढ़।** नगर यादव समाज ने श्री राधाकृष्ण मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 3 जोड़ों का सामूहिक विवाह पूरे वैदिक विधि-विधान के साथ कराया गया। समारोह में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। सामाजिकजनों ने शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। समाज के वरिष्ठजनों ने उद्बोधन में भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। आयोजन में महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।



### डॉ.गोस्वामी बने चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह-संयोजक

**डोंगरगांव।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ देवेंद्र कश्यप, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव ने प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक पद पर नगर के डॉ सिद्धांत गोस्वामी की नियुक्ति की है। अनेक वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा सेवा कर रहे डॉ गोस्वामी के मनोनयन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने आशीर्वाद देकर चिकित्सा सेवा में समर्पित रहने प्रेरित किया।



## खबर संक्षेप

### निषाद समाज की वार्षिक बैठक 6 को

**डोंगरगांव।** निषाद समाज आसरा की वार्षिक बैठक आगामी 6 मार्च को निषाद समाज भवन में रखी गई है। इस मौके पर होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया है। बैठक में वार्षिक आय व्यय एवं सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। आसरा परिक्षेत्र अध्यक्ष पृथ्वीराम निषाद, किशन निषाद, बसंत निषाद, शिवकुमार, नंदकिशोर, बिशालराम, अवधराम आदि ने सामाजिक जनों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### फाइलेरिया दवा का सामूहिक सेवन



**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशन एवं सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन किया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 11 नवंबर से अभियान चलाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर जाकर डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाती हैं, जो मच्छरों से फैलने वाले इस रोग की रोकथाम के लिए प्रभावी है। महाविद्यालय के छात्रों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन ने दवाई का सेवन कराया। इस दौरान डॉ नवीन सिंह राजपूत, रितेश बंजारे, रवि प्रकाश चतुर्वेदी, पूजा देवांगन, नेमू साहू, मासूम वर्मा, डॉ साधना देवांगन, अंजलि रामटेकर, वासु दुबे, अश्विन गौतम, शुभम वैष्णव एवं नेलम दीवान मौजूद थे।

### दिग्गी राजा पहुंचे आचार्यश्री की समाधि स्थल

**डोंगरगढ़।** मध्यप्रदेश के पूर्व



मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि स्थल में जाकर श्रीफल चढाया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के कांग्रेसियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, मनोज अग्रवाल, जिपं सदस्य खैरागढ़ सुश्री शताक्षी देवव्रत सिंह, हरीश भंडारी, पंचराम चंदेल, अनिल गट्टानी, जितेंद्रसिंह भाटिया, विजय राज, पंकज बांधव, चुम्मन साहू, रिमी भाटिया, अनिल मेश्राम, रामजी तराने, नरेश करसे, के विनायक राव, दिनेश साखरे, रूपचंद खोबरागड़े, दुलीचंद बडोले, मतीन खान, पप्पू इंदुरकर, बबलू खोबरागड़े, लोकनाथ भारती, रतन यादव, केशव टांडी, अकिल भाई, अमरीश टांडिया, लक्ष्मण साहू आदि उपस्थित थे। दि

### 3129 श्रमिकों को किया लाभान्वित

**खैरागढ़।** श्रम विभाग अंतर्गत असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल और भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के श्रमिकों के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया है। जिले के 3129 श्रमिकों को योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उनके बैंक खाते में मंडल मुख्यालय द्वारा डीबीटी के माध्यम से कुल 1 करोड़ 14 लाख 17 हजार रूपये की राशि हस्तांतरित की गई है। इसके तहत महतारी जतन योजना अंतर्गत 330 हितग्राहियों को राशि 20 हजार प्रति हितग्राही, कुल 66 लाख और श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित छात्रवृत्ति सहायता योजना अंतर्गत 2799 श्रमिकों को 64 लाख 77 हजार रूपये से लाभांवित किया गया है। विभाग की इस पहल से श्रमिकों को आर्थिक लाभ पहुंचेगा और उनके जीवन में खुशहाली आएगी।

## सीएमओ के दो स्थानों पर प्रभार दिए जाने से प्रशासनिक अव्यवस्था

# भड़के गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष निकाय में ताला जड़ने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई में व्याप्त प्रशासनिक अव्यवस्थाओं और विकास कार्यों के ठप होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद स्थानीय राजनीति गरमा गई है। समाचार प्रकाशन के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने दोहरे प्रभार की व्यवस्था को क्षेत्र के साथ अन्याय बताते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गंडई को पूर्णकालिक मुख्य नगरपालिका अधिकारी नहीं मिला, तो वे निकाय कार्यालय में ताला जड़कर उग्र आंदोलन करेंगे।

समाचार पत्रों में सीएमओ अविनाश देवांगन को जिला मुख्यालय खैरागढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने और गंडई कार्यालय से उनकी अनुपस्थिति की खबर छपते ही पार्षदों में भी भारी असंतोष देखा जा रहा है। पार्षदों का आरोप है कि इस दोहरे प्रभार के चलते निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण कार्य और सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी तरह ठप हो गया है। जनता अपने बुनियादी कामों के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रही है, लेकिन साहब जिला मुख्यालय की बैठकों में व्यस्त हैं।



### अध्यक्ष ने व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

समाचार प्रकाशन के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने कहा कि जिला निर्माण के 3 वर्ष बाद भी गंडई को विकास की मुख्यधारा से दूर रखना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर एक ही अधिकारी को दो महत्वपूर्ण निकायों की जिम्मेदारी क्यों दी गई है? इससे न केवल प्रशासनिक फाइलें लंबित हो रही हैं, बल्कि आम नागरिकों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।



प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ा नगर पंचायत गंडई

सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार देने से कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को जिला बने तीन वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन गंडई क्षेत्र आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर खड़ा नजर आ रहा है। जिला स्तरीय सुविधाएं मिलना तो दूर, शासन के हालिया फैसलों ने नगर पंचायत गंडई की प्रशासनिक व्यवस्था को और भी कमजोर कर दिया है। वर्तमान में गंडई नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अविनाश देवांगन को जिला मुख्यालय खैरागढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के कारण गंडई का स्थानीय कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

वार्ड नंबर 15 के पार्षद दिलीप आगरे ने व्यवस्था पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार मिलने के बाद गंडई का कार्यालय केवल खानापूर्ति बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि सीएमओ मुख्यालय में निवास नहीं करते और अपने घर से आना-जाना करते हुए सप्ताह में बमुश्किल दो दिन ही कार्यालय में उपस्थित रहते हैं। उसमें भी उनके आने और जाने का समय निर्धारित नहीं रहता। यही हाल निकाय के इंजीनियर का भी है, जो गंडई में क्वाटर उपलब्ध होने के बावजूद दोपहर 1 बजे कार्यालय आते हैं और शाम 4 बजे निकल जाते हैं। पार्षद आगरे ने इसे शासन की एक सोची-समझी साजिश करार देते हुए कहा कि गंडई में कांग्रेस का अध्यक्ष होने के चलते निकाय की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।



कार्य पेंडिंग, पार्षदों में गहरा असंतोष

प्रशासनिक अमला दुरूस्त करने की मांग

### साजिश या प्रशासनिक लापरवाही

निकाय के जनप्रतिनिधियों का मानना है कि गंडई में प्रशासनिक अमला दुरुस्त न करना क्षेत्र की छवि खराब करने की एक कोशिश है। वार्ड नंबर 15 के पार्षद दिलीप आगरे और वार्ड 1 के पार्षद तामेश्वर साहू ने भी मांग की है कि शासन तत्काल दखल दे और गंडई में स्थाई सीएमओ की नियुक्ति करे।

### ताला जड़ना एकमात्र विकल्प

अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि समाचारों के माध्यम से जनता की पीड़ा सामने आ चुकी है। एक अधिकारी दो जगहों पर न्याय नहीं कर सकता। यदि शासन ने हमारी मांगों को अनसुना किया, तो नगर पंचायत में ताला जड़ना ही एकमात्र विकल्प बचेगा।

# पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास की बदहाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- छात्रों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर लगाई गुहार

पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के छात्र अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। छात्रों ने छात्रावास की व्यवस्थाओं को बदहाल बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए बताया कि वो सब लंबे समय से गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही।

आरोप लगाया कि जब भी वे अपनी परेशानियों को छात्रावास अधीक्षक के सामने रखते हैं, तो उन्हें केवल आश्वासन दिया जाता है। जमीनी स्तर पर कोई समाधान नहीं होता। छात्रों ने बताया कि हाल ही में बोर खराब हो जाने के कारण उन्हें पूरे दिन पानी के लिए भटकना पड़ा। इसके अलावा पाइपलाइन टूटने जैसी समस्याओं और अन्य मेंटेनेंस कार्यों भी खुद करने को मजबूर हैं। छात्रों ने बताया कि अधीक्षक महीने में केवल एक-दो बार ही छात्रावास आते हैं और वह भी महज 10 से 30 मिनट रुककर कागजी कार्य निपटाकर चले जाते हैं। अधीक्षक न तो उनका हाल-चाल पूछते हैं और न ही समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं। पूछने पर कलेक्टर कार्यालय में व्यस्त रहने का हवाला दे देते है। वर्तमान में छात्रावास का संचालन रसोइए और नाइट ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के भरोसे ही चल रहा है। उन्होने प्रशासन से मांग की है कि छात्रावास की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार किया जाए, नियमित निरीक्षण सुनिश्चित हो और जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति तय की जाए ताकि छात्रों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े।

# पंद्रह साल की बच्ची ने दी जान, कारण अज्ञात

- पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक से अत्यंत मार्मिक और स्तब्ध कर देने वाली खबर सामने आई है। पढ़ने-लिखने की उम्र में सपनों को संजोने वाली 15 वर्षीय छात्रा ने ऐसा कदम उठा लिया जिसने पूरे क्षेत्र को गहरे सदमे में डाल दिया। मासूम जिंदगी का यूं अचानक थम जाना हर किसी को सोचने पर मजबूर कर रहा है।

जानकारी अनुसार कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्रा ने बीती रात लगभग 8 बजे अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि घटना से पहले उसने अपने पिता को चाय बनाकर दी और फिर पढ़ाई करने की बात कहकर अपने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। देर रात खाने के समय परिजनों ने उसे आवाज दी और दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। आशंका होने पर दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे लेकिन अंदर का दृश्य देख सभी स्तब्ध रह गए। छात्रा अपनी मां की साड़ी के सहारे लकड़ी के मेयार से फांसी पर झूल रही थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा कारवाई के बाद जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## कैशलैस चिकित्सा की घोषणा का स्वागत

**डोंगरगढ़।** वित्तमंत्री ओपी चैधरी ने शासकीय सेवकों के लिए कैशलैस



चिकित्सा सुविधा की घोषणा बजट में की है। इस घोषणा से प्रदेश के पौने चार लाख कर्मचारियों को राहत मिलेगी। गंभीर बीमारी की स्थिति में कर्मचारियों को आर्थिक चिंता से मुक्ति मिलेगी।

इस निर्णय के लिए कर्मचारी संगठनों और शिक्षक संघों ने सरकार का आभार व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने कैशलैस चिकित्सा के प्रावधान का स्वागत किया है। शिक्षक संघ के शैलेन्द्र यदु ने कैशलैस चिकित्सा सुविधा की घोषणा को सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि पेंशन हेतु शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा की गणना न होना निराशाजनक है। संघ के राकेश तिवारी, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, देवेन्द्र कुमार साहू ने भी आभार जताया है।

# विधायक के प्रयासों से करोड़ों का काम बजट में शामिल

## विधायक यशोदा वर्मा ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री साव व केदार कश्यप का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विधानसभा क्षेत्र के सिंचाई सुविधा बढ़ाने, पुल पुलिया व पहुंच मार्ग निर्माण को लेकर विधायक यशोदा वर्मा के प्रयासों से करोड़ों रूपयों के कामो का बजट में प्रावधान किया गया है। सिंचाई सुविधा को लेकर आमनेर नदी में मुतेड़ा रपटा कम स्टाप डेम निर्माण 8.65 करोड़, चिंगली डायवर्सन योजना के जीर्णोद्धार व नहरों का रिमांडलिंग 4.69 करोड़, जीराटोला जलाशय के जीर्णोद्धार व नहर कार्य 2.78 करोड़, डूडा डायवर्सन शीर्ष कार्य जीर्णोद्धार 16.46 करोड़, सेतवा जलाशय मे शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार व नहर लाइनिंग 8.17 करोड़, सिंगारपुर व्यपवर्तन शीर्ष कार्य जीर्णोद्धार 3.09 करोड़ का प्रवाधान किया गया है। इसी प्रकार सुगम आवाजाही को लेकर गंडई से धमधा रोड में दनिया के पास, पैलीमेटा खैरानवापारा रोड पर स्थित सुरही नदी जलाशय के पास, पंडरीपानी-समुंदपानी रोड मे मगुरदा नाला पर, चोभर-बगार झोला झिलमिली मार्ग पर मगुरदा नाला में उच्चस्तरीय पुल पुलिया निर्माण 7.60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। जबकि 25-26 में बजट मे शामिल पुल पुलिया बघमर्रा से करमतरा, धनगांव से गोदरी, खैरागढ़ से आकरजन, मानपुर पहाड़ी से मोहगॉव, जालबांधा से खैरागढ़ में कुल्ही नदी, छुईखदान से गंडई में घिरघोली पास, गंडई से कृतबांस, लिमो से दुल्लापुर में एक-एक करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान रखा है।

### विकास कार्यों की मिली सौगात

शहरी क्षेत्र खैरागढ़ में 3 किमी व गंडई शहर में 3 किमी के लिए 5 करोड़, कुकुरमुडा से सिंघौरी मार्ग 4.20 करोड़, खैरागढ़ से डोंगरगढ़ रोड बीटी रिनिवल 5.40 करोड़ खैरागढ़ से लांजी रोड मजबूतीकरण 6.30 करोड़, बीरुटोला से गड़बंजा पहुँच मार्ग 5.5 किमी पुलिया सहित 8.10 करोड़, खैरागढ़ बाईपास रोड 1.50 करोड़, गभरा से मेन रोड तक, तेंदूभाठा से जोम ओटेबंद तक, बीरुटोला से कुलीकसा लगभग 4.50 किमी पुल पुलिया सहित 8.80 करोड़, उदयपुर से खैरी पहुँच मार्ग, पेंड्रीकला से भरदा मार्ग पुल पुलिया सहित, कुकुरमुडा मार्ग 3.5 किमी 5.60 करोड़ सहित 25-26 के बजट में शामिल सडक जैसे कामठा से हरदी, भीमपुरी से बोरई, छुईखदान से बकरकट्टा, बांधाटोला से कोहका झोरी, धनेली से देवारीभाट से बढ़ईटोला पहुँच मार्ग, गंडई पंडरिया से दौजरी मार्ग, देवपुरा से भीमपुरी बेंद्री पुल पुलिया सहित, काशीतोला से ढाप के लिए 50-50 लाख का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। छुईखदान से उदयपुर बुंदेली मार्ग उन्नयन व पुनर्निर्माण लगभग 27 किमी के 12285 लाख सहित खैरागढ़ में 500 सीटर मल्टीपर्पस हाल निर्माण 4 करोड़, गंडई रेस्ट हाउस में अतिरिक्त कमरा 1 करोड़, साल्हेवारा मे रेस्ट हाउस निर्माण 1.20 करोड़, छुईखदान रेस्ट हाउस में 3 अतिरिक्त कमरा 1 करोड़, छुईखदान में 2 नग एच टाइप, 2 नग एफ टाइप आवासीय भवन निर्माण 1.5 करोड़, खैरागढ़ सर्किट हाउस निर्माण 4 करोड़, छुईखदान उप पंजीयक भवन 80 लाख पालीटेक्निक कन्या छात्रावास भवन में 3 अतिरिक्त क्लास रूम 50 लाख रुपयो का प्रावधान बजट मे किया गया है। विधायक यशोदा वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोनिवि मंत्री अरुण साव, सिचाई मंत्री केदार कश्यप का आभार प्रकट किया है।

# प्रदेश के बजट पर नेताओं की मिलीजुली प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला भाजपा प्रवक्ता व वार्ड 16 दाऊचौरा के भाजपा पार्षद व



सभापति विनय देवांगन ने कहा कि विधानसभा में प्रस्तुत वित्त वर्ष 26-27 का बजट राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला दूरदर्शी और जनकल्याणकारी बजट है। 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपयो का यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है, जो सरकार की मजबूत आर्थिक नीति और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री देवांगन ने कहा कि यह बजट विशेष रूप से गरीबों, युवाओं, अन्नदाता किसानों, मातृशक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आधारभूत संरचना के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### जमीनी हकीकत से दूर : यशोदा वर्मा

विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर विधायक यशोदा वर्मा ने



भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बजट में नए जिलों में शामिल खैरागढ़ छुईखदान गंडई के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। बजट केवल लोकलुभावन घोषणाओं तक सीमित है। पिछले वर्ष घोषित 50 प्रतिशत कार्य स्वीकृत नहीं हो पाया फिर भी नई घोषणाएं कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। यशोदा वर्मा ने कहा कि प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और सिंचाई विस्तार के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय नहीं किए गए। कांग्रेस सरकार की गौठान योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह गोवंश संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण रोजगार का मजबूत माध्यम बनी थी लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे बंद कर दिया।

### ऐतिहासिक और जनहितैषी बजट : घम्मन

विधानसभा में प्रस्तुत 1 लाख 72 हजार करोड़ के बजट को



भाजपा नेता घम्मन साहू ने प्रदेश की 25 वर्षों की विकास यात्रा को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व और वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट समृद्ध किसान, सशक्त युवा, सुरक्षित महिला और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। डबल इंजन सरकार का यह बजट अंत्योदय के संकल्प से सिद्धि की यात्रा को गति देने वाला है। बजट का मूल मंत्र संकल्प समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, आजीविका और पॉलिसी से परिणाम तक प्रदेश के सर्वांगीण विकास की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

### आंकड़ों का मायाजाल : डॉ. अरूण भारद्वाज

भाजपा सरकार द्वारा पेश बजट को शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज ने दिशाहीन और निराशाजनक करार देते हुए कहा कि यह बजट आम आदमी की जेब काटने वाला और केवल बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला



दस्तावेज़ है। बजट में आम आदमी, मध्यम वर्ग, युवाओं और किसानों के लिए खोखले वादा है। डॉ भारद्वाज ने कहा कि बजट में किसानों के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। धान बोनस और समर्थन मूल्य को लेकर किया वादा तकनीकी शब्दावली में उलझा दिया गया है। कृषि उन्नत योजना के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। डॉ अरुण भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार ने साबित कर दिया है कि उनका विकास केवल विज्ञापनों तक सीमित है। कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी बजट के खिलाफ जनता के बीच जाएगी और सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी।

### युवाओं एवं किसानों में घोर निराशाः मंडावी

**मोहला।** मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि



भाजपा सरकार की बजट से प्रदेश के युवाओं एवं किसानों में घोर निराशा हैं। ट्रिपल इंजन सरकार से प्रदेशवासियों को जो आशा थी, उसके बिल्कुल विपरीत बजट पेश किया गया है। पूरे बजट में प्रमुख रूप से बस्तर एवं सरगुजा का ही ध्यान रखा गया है। जबकि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी भी जनजाति क्षेत्र है, क्षेत्र के लिए बहुत से जायज मांग किया गया था, जिस पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया है। बजट में ऐसे कई योजनाओं के लिए राशि प्रावधानित किया गया है। जिसकी उपयोगिता ना के बराबर है, उन योजनाओं के माध्यम से सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली है।

# जिले के पंजीकृत श्रमिकों को कराना होगा ई केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राज्य शासन के निर्देशानुसार श्रम विभाग के विभिन्न हितग्राही मुलक योजनाओं का लाभ डीबीटी अंतरण के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ वास्तविक व पात्र श्रमिकों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे इसके लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया लागू कि गई है। पंजीकृत सभी, निर्माण, संगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को अपना पंजीयन का ई केवाईसी पूर्ण करवाना अनिवार्य है। वर्तमान में खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग के राशन कार्ड डाटा का श्रमिक पंजीयन डाटा से मिलान किया जा रहा है, ताकि हितग्राहियों के पहचान की पुष्टि की जा सके। सत्यापन की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। जिन श्रमिकों के आधार और राशन कार्ड विवरण में समानता पाई जाएगी, उनका प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन किया जाएगा। जहां नाम या अन्य विवरण में आंशिक भिन्नता पाई जाएगी वहां संबंधित अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन व आवश्यक सुधार किया जाएगा। वर्तमान में जिले के 6984 श्रमिकों का ई-केवाईसी किया जाना है। श्रमपदाधिकारी उज्जवल भोई ने पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि जिनके मोबाईल पर आधार, श्रम कार्ड डाटा में समानता नहीं पाए जाने के संबंध में संदेश आया है वह श्रम कार्यालय कलेक्टोरेट में आकर जानकारी प्राप्त कर अपने आधार की मूलप्रति कार्यालय में दिखाकर निशुल्क ई-केवाईसी करा सकते हैं।

# आलोक को मिली जिम्मेदारी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिला अध्यक्ष राजकुमार जंघेल के नेतृत्व में घोषित इस टीम में आलोक श्रीवास को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तुरकारी पारा निवासी आलोक श्रीवास लंबे समय से पार्टी संगठन और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और जनसंपर्क को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह दायित्व सौंपा है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास ने कहा कि वे पार्टी की रीति-नीति और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगे। उन्होंने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, भाजपा नेता घम्मन साहू, जिलाध्यक्ष बिसेसर साहू, अध्यक्ष राजकुमार जंघेल सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आलोक श्रीवास को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में मोर्चा संगठन को और मजबूती मिलेगी।

### पटेवा में फाग गायन स्पर्धा 28 से

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय मां शीतला फाग उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय फाग महोत्सव का आयोजन आगामी 28 फरवरी एवं 1 मार्च को रखा गया है। विजेता मंडली को झांकी वर्ग में क्रमशः 5555, 4444, 3333, 2222, 1111, रचना वर्ग में 4444, 3333, 2222, 1555, 1111 रूपए रखा गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिपं सदस्य किरण विनोद बारले, सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, विरेन्द्र हिरवानी, मिथलेश साहू, प्रमोद दुबे, ललित साहू, जेआर साहू आदि की मौजूदगी में होगा। समापन के मुख्य अतिथि भुनेश्वर शोभा राम बघेल होंगे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### हनुमान श्याम मंदिर में भजन संध्या आज



**राजनांदगांव।** जीई रोड स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर में स्थापित खाटू वाले श्याम प्रभु के फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा किए जाने की परंपरा है। यहां श्री श्याम प्रभु के दोनों महोत्सव कार्तिक उत्सव एवं फागुन उत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में फागुन शुक्ल एकादशी को भव्य भजन संध्या आयोजित है। श्री श्याम भरोसे परिवार के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु का रंग-रंगीला फागुन महोत्सव 27 फरवरी को मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया संवारा गया है। श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया जा रहा है। भजन के दौरान फूलों, इत्र, केसर, गुलाब जल की होली खेली जाएगी। अखंड ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी। जिसमें प्रत्येक दर्शनार्थी को आहुति देने का अवसर प्राप्त होगा। फागुन महोत्सव को भव्यता प्रदान करने हैदराबाद के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक सागर व्यास अपनी ओजस्वी एवं मधुर वाणी से फागुन के मस्ती भरे सुमधुर भजनों की संगीतमय प्रस्तुति से भजन रूपी अमृत धारा प्रवाहित करेंगे।

### विश्वनाथ का यादव समाज ने किया सम्मान

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ वाले विश्वनाथ यादव को विगत 33 वर्षों से डोंगरगढ़ में भगवान श्री राधा-कृष्ण मंदिर का स्थापना वर्ष शोभायात्रा,



यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन आदर्श विवाह के साथ-साथ 50 वर्षों से पूरे छग कोसरिया यादव समाज में आपसी भाईचारा, सदभावना शिष्टाचार, एकता संगठन समन्वय तालमेल विकास उन्नति, प्रगति, उत्थान के क्षेत्र में विशेष योगदान देने जिला कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में 24 फरवरी को यादव समाज डोंगरगढ़ के आयोजन में छग यादव रत्न से सम्मानित किया गया।
आयोजन में सम्मानित करने वालों में रविंद्र यादव, किशन यादव, मन्नालाल यादव, शंकर यादव, महेश यादव, धन्ना यादव, आनंद यादव, रवि यादव, दिलीप यादव, भोला यादव, धन्नु यादव, पुरूषोत्तम यादव, हरि यादव, राजू यादव, विशाल यादव, देवेश यादव, रिखी यादव, जितेन्द्र यादव, बिरसिंग यादव, जितू यादव, शीला यादव, केशर यादव, मंजू यादव, मधु यादव, अंजू यादव, संगीता यादव, शोभा यादव, मीना यादव, संतोषी यादव, राजकुमारी यादव, राधिका यादव के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### योगा क्लास एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले को निरोग बनाने की दिशा में प्रत्येक बुधवार को स्वस्थ जीवनशैली के लिए जिले के सभी 118 उप स्वास्थ्य केन्द्रों और 27 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नियमित योगा क्लास के साथ बीपी, शुगर और कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनावमुक्त जीवन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी जा रही है, ताकि वे ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी बीमारियों से बच सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि एनसीडी (गैर-संचारी रोग) कार्यक्रम के तहत 30 अधिक आयु के सभी पुरूषों एवं महिलाओं का बीपी, शुगर जांच, ओरल कैंसर स्क्रीनिंग एवं महिलाओं का ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की जा रही है। जांच के दौरान जिन व्यक्तियों में लक्षण पाए जाएंगे, उन्हें योग, जीवन शैली में बदलाव, खानपान में सुधार के साथ निरोग रहने के लिए आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योग एवं परामर्श लेने वाले व्यक्तियों की प्रत्येक माह पुनः बीपी, शुगर एवं कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी, जिन लोगों में बीपी एवं शुगर नियंत्रण में पाया जाएगा, उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

### सिर्फ आंकड़ों के जादू में उलझा एक दिवास्वप्न है : सूरज

**राजनांदगांव।** असंगठित समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सूरज शर्मा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते कहा कि वर्तमान में सत्तारूढ़ बीजेपी



सरकार ने दो साल पहले ज्ञान थीम के साथ विकास की आधारशिला की बात रखी। पिछले वर्ष के बजट में गति थीम के साथ 36 गढ़ के समग्र विकास की बात कही और वर्तमान वित्तीय वर्ष में पेश बजट में संकल्प थीम के साथ प्रदेश की समृद्धि और संपन्नता को मुख्य तौर पर पेश किया गया है, जो यथार्थ में एक दिवास्वप्न सा वास्तविकता से परे प्रतीत होता है। यह सिर्फ आंकड़ों के जादू में उलझा एक दिवास्वप्न है।

### आज उदयाचल प्रांगण में भजन संध्या

**राजनांदगांव।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित 31वें चार दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव के तृतीय दिवस कल 27 फरवरी को रात्रि 07 बजे से खाटूधाम (उदयाचल प्रांगण) में भव्य भजन संध्या आयोजित है। जिसमें कोलकाता की सुप्रसिद्ध श्याम दीवानी जानवी शर्मा एवं निशा सोनी के साथ ही कोलकाता के ही परम श्याम सेवक रवि बेरीवाल द्वारा फागुन महोत्सव को भव्यता प्रदान करने फागुनी रंगों में रंगे भजनों की बौछार से भक्त एवं भगवान को स्नान कराते अपनी ओजस्वी एवं मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल की भावना घनश्याम अग्रवाल, विद्या गोपाल अग्रवाल, ज्योति सुशील अग्रवाल, सोनल अशोक अग्रवाल, मिथिलेश संतोष हुंका, ऋचा सौरभ अग्रवाल के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय फागुनी महोत्सव को भव्यता प्रदान करने उदयाचल प्रांगण में श्याम प्रभु का भव्य अलौकिक दरबार सजाया गया है। अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गई है। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति प्रदान कर प्रभु के समक्ष अपनी मनोकामना रखी। छप्पन भोग एवं पान भोग लगाया गया। महोत्सव के द्वितीय दिवस 26 फरवरी को सोनभद्र के श्याम सेवक संजीव शर्मा ने अपने सुमधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति से भक्त माता-बहनों एवं बंधुओं को नृत्य करने लालायित कर दिया।

### राजस्व वसूली का अभियान तेज

**राजनांदगांव।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली में कडाई बरतते प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। साथ ही संपत्तिकर के बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी किया गया है और बकायेदारों का नाम प्रकाशित किए जाने की तैयारी है। जल कर के बड़े बकायेदारों का नल कनेक्शन काटा जा रहा है। आज की कार्रवाई में पुराना कमल टाकिज रोड एवं नंदई के घरों से 7 नल कलेक्शन काटा गया। वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम माह में शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की प्रतिदिन मानिटरिंग कर घर-घर जाकर कर वसूली करने दिश निर्देश दे रहे हैं तथा बड़े बकायेदारों को अपने बकाया करो का भुगतान करने समझाईस दे रहे हैं। निर्देश पर राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में निगम का अमला दुकानें सील करने एवं नल विच्छेदन की कार्रवाई कर रही है। आज बड़े बकायेदारों के नल काटने की कड़ी में पुराना कमल टाकिज रोड के 6 एवं नंदई के 1 करदाता इस प्रकार कुल 7 करदाता जिन्होंने विगत 10 वर्षों से जलकर व संपत्तिकर का भुगतान नहीं किया था, उनका आज राजस्व अमला द्वारा नल कनेक्शन काटा गया।

### बजट में फिर राजनांदगांव को किया नजर अंदाज : वर्मा

**राजनांदगांव।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत नवीन बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते युवा कांग्रेस नेता परमानंद वर्मा ने कहा कि इस बार भी राजनांदगांव जिले को पूरी तरह नजर अंदाज किया गया है। सरकार ने बजट में बड़े-बड़े दावे और घोषणाएं तो की, लेकिन राजनांदगांव जिले के लिए कोई ठोस सौगात नहीं दी।

## दिग्विजय कॉलेज में पदक वितरण समारोह का आयोजन

# युवाओं को रोजगार उन्मुखी शिक्षा प्रदान करना ही सरकार का उद्देश्यः सांसद पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव का वार्षिक उत्सव एवं पदक वितरण का आयोजन 26 फरवरी को किया गया। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते कहा कि दिग्विजय महाविद्यालय ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से सुसज्जित महाविद्यालय है। वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराना संस्था का संकल्प है। छात्र हित में विभिन्न प्रकार के नवाचार महाविद्यालय में प्रारंभ किए गए हैं। कैंपस प्लेसमेंट में महाविद्यालय का पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान है एवं एनआईआरएफ में देश में 45वां स्थान है। छठवें सेमेस्टर में छात्रों के लिए इंटर्नशिप कोर्स के लिए विभिन्न संस्थाओं से एमओयू किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने कहा कि युवाओं को रोजगार उन्मुखी शिक्षा प्रदान करना सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। हर क्रांति के पीछे युवा शक्ति होती है। वह प्रत्येक चुनौतियों का सामना साहस एवं जोश के साथ करती है। विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने की जिम्मेदारी हम सबके कंधों पर है। मां भारती की सेवा करना युवाओं का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।



#### विद्यार्थियो को स्वर्ण पदक से किया सम्मानित

प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता द्वारा महाविद्यालय में चार कमरों के निर्माण के लिए मांग रखी गई, जिसे सांसद ने पूर्ण करने का आश्वासन दिया। अतिथियों द्वारा विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 84 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने जया ठाकुर को गोल्ड मेडल दिया गया।कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, सहकारी समिति अध्यक्ष सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, राजेंद्र गोलछा, रमेश पटेल, चिंटू सोनकर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. सोनल मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अमिता बक्शी ने किया।

#### छात्रहित में लगातार कामः अतुल

जन भागीदारी समिति अध्यक्ष अतुल रायजादा ने कहा कि जनभागीदारी समिति महाविद्यालय में निरंतर छात्रहित में कार्य कर रही है। महाविद्यालय में छात्रों के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही उनके प्रत्येक समस्याओं का समाधान करने जनभागीदारी समिति प्रतिबद्ध है।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति

महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा हस्तकला एवं पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर दिग्विजय महाविद्यालय के छमाही समाचार पत्र दिग्विजय कैंपस का 20वां अंक का विमोचन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ के संस्कृति एवं भारतीय लोक कला पर केंद्रित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन प्रो. वंदना मिश्रा, डॉ. भारती सोनी एवं आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनीता शंकर द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 13 लोगों को बांटे गुम मोबाइल




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम हुए मोबाइल फोन को ढूंढकर पुलिस ने आज उनके धारकों को लौटाया। सोमनी पुलिस ने 1 लाख 30 हजार रुपए कीमत के 13 नग गुम मोबाइल उनके धारकों को सौंपा। इधर गुम मोबाइल मिलने से धारकों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

सोमनी थाना में अलग-अलग प्रार्थियों द्वारा मोबाइल गुम होने की सूचना दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद पुलिस ने सीआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइल फोन को ढूंढा और प्रार्थियों को लौटाया। पुलिस ने सभी प्रार्थियों को थाना में बुलाया और उनके मोबाइल फोन को तस्दीक कर वापस सौंपा। मोबाइल फोन वापस मिलने पर प्रार्थियों द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है। इस दौरान पुलिस द्वारा आम लोगों को मोबाइल मिलने पर उसका दुरूपयोग नहीं करने तथा नजदीकी थाना में जमा करने की अपील की गई।

## आईजी ने ली रेलवे सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव ने रेलवे सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली। शहर के आईजी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में मादक पदार्थ तस्करी के संबंध में पंजीबद्ध अपराध एवं ऐसे अपराध रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय, ट्रेनों में हुए चोरी एवं लूट के प्रकरणों की समीक्षा एवं आरोपियों द्वारा अपनाए जाने वाले विभिन्न तरीकों, रेलवे स्टेशन में सीसीटीवी की उपलब्धता एवं आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए।



आईजी ने प्लेटफार्म पेट्रोलिंग, रेलवे स्टेशन एवं रेलवे ट्रैक के आसपास एवं ट्रेनों में घटना कारित करने वाले असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा उपरांत प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। वहीं उन्होंने स्थानीय पुलिस, आरपीएफ एवं जीआरपी के मध्य बेहतर तालमेल एवं यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, एआईजी गीता वाधवानी, आरपीएफ थाना प्रभारी तरूणा साहू, जीआरपी थाना प्रभारी दया कुर्रे, थाना प्रभारी कोतवाली नंदकिशारे गौतम, थाना प्रभारी सोमनी अरूण नामदेव, थाना प्रभारी लालबाग रमेश पटेल, थाना प्रभारी बोरतालाव अवनीश श्रीवास, चौकी प्रभारी चिखली कैलाश मरई, चौकी प्रभारी तुमड़ीबोड़ दिलीप पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप साहू ने अपने मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित टीम घोषित की।

जिला भाजपा कार्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार राजनांदगांव उत्तर मंडल अध्यक्ष दुरेंद्र साहू, महामंत्री हरीश साहू, धनेश्वरदास मानिकपुरी बनाए गए हैं। इसी तरह राजनांदगांव दक्षिण मंडल अध्यक्ष अरुण साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं महामंत्री अरूण देवांगन, मोहन सिन्हा बनाए गए हैं। इसी तरह राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष खुमान साहू, महामंत्री किशोर साहू, जागेश्वर साहू, राजनंदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल में अध्यक्ष की जिम्मेदारी लालाराम देवांगन को और संतोष साहू, छत्रपाल वर्मा को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष चितरंजन साहू, महामंत्री राकेश देवांगन, अक्षय यादव, डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार वैष्णव, महामंत्री शैलेष महोबिया, योगेश साहू, तिलई मंडल अध्यक्ष महेश सेन, महामंत्री तारण साहू, गणेशराम साहू बनाए गए हैं।

इसके अलावा घुमका मंडल अध्यक्ष धरमु साहू, महामंत्री खिलावन दास, रोमन वर्मा बनाए गए हैं। डोंगरगांव मंडल की जिम्मेदारी अध्यक्ष भीषम कुमार साहू, महामंत्री अजय कौशिक, टीलेंद्र देवांगन को दी गई है। तुमड़ीबोड मंडल में अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री जीवनधन वर्मा, टेकराम साहू व अर्जुनी मंडल में अध्यक्ष देवलाल साहू, महामंत्री डोमन पटेल, मोहन साहू बनाए गए हैं।

इधर मुसरा मुरमुंदा मंडल की जिम्मेदारी अध्यक्ष रामावतार वर्मा, महामंत्री हनुमान सिंह, पुकेश्वर वर्मा, लालबहादुर नगर में देवेंद्र सुलाखे, महामंत्री मदन चक्रवर्ती, दुर्गेश साहू को सौंपी गई है। इसके अलावा छुरिया मंडल में अध्यक्ष देवानंद सहारे महामंत्री रमेश पाल, महेश साहू, कुमर्दा मंडल अध्यक्ष किशुन साहू, महामंत्री डोमन साहू, लिलेश देवांगन, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष में रोशन वैष्णव, महामंत्री दरबार साहू, विक्रम निषाद बनाए

## आबकारी आयुक्त और खनिज अधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम की उपस्थिति में शहर अध्यक्ष बिलाल सोलिन खान और जिला महासचिव ऋषभ रामटेके के नेतृत्व में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जॉइंट कलेक्टर प्रकाश टंडन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दो प्रमुख मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया गया।

शमसुल आलम ने कहा कि राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा 2025 में सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए गए थे कि डिस्पोजल पानी पाउच को बंद किया जाएगा, जो कि आबकारी विभाग के आदेश के तहत भी था। बावजूद इसके शहर में पानी पाउच बेचे जा रहे हैं, जिस पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की गई है। इसके अलावा खनिज विभाग द्वारा ग्राम सिंघोला के करमतरा क्षेत्र में हो रहे अत्याधिक उत्खनन को लेकर ग्रामीणों द्वारा पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस मुद्दे पर जोगी कांग्रेस ने सात दिनों का अल्टीमेटम



दिया है। शमसुल आलम ने होली के दिन शराब दुकानों की बंदी की मांग करते मुख्यमंत्री और आबकारी आयुक्त आर. संगीता से इस पर विचार करने की अपील की। जॉइंट कलेक्टर टंडन ने इन दोनों मुद्दों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस मौके पर अजीत जोगी युवा मोर्चा के जिला महासचिव ऋषभ रामटेके, विधानसभा अध्यक्ष नमन पटेल, शहर अध्यक्ष बिलाल सोलिन खान, मुकेश साहू, अनवर खान, शुभम भालाधारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने नवागांव में डोम का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम नवागांव में डोम का निरीक्षण किया। उन्होंने डोम में रोजगार की संभावनाओं के मद्देनजर आजीविका मूलक गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश दिए तथा इसके लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने कहा। उन्होंने कहा कि स्थान का समुचित उपयोग करते यहां रोजगार संबंधी अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने से स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। उन्होंने डोम के समीप आयुर्वेदिक पौधे लगाने कहा। कलेक्टर ने पुराने जिला पंचायत भवन के समीप स्थित व्यवसायिक परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने वहां फूड लैब का निर्माण करने तथा राज बिहान के प्रोडक्ट की पैकेजिंग के लिए इस परिसर का उपयोग करने कहा।



### पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में आंदोलन

## दान में दी गई चारागाह की जमीन पर शराब दुकान खोलने का विरोध, देर रात तक घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गैंदाटोला के क्षेत्रवासियों ने 20 दिनों पूर्व गैंदाटोला-नुन्हाटोला मार्ग में संचालित शराब दुकान को हटाने डोंगरगांव अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी को अनुरोध पत्र सौंपा था। उक्त पत्र में यह भी कहा गया था कि अगर निर्धारित समय-सीमा में शराब दुकान को नहीं हटाने पर शराब दुकान का घेराव करने की चेतावनी क्षेत्रवासियों द्वारा दी गई थी। तय समय-सीमा पर उच्च अधिकारियों द्वारा इस विषय पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

जिसको देखते हुए गैंदाटोला, नुन्हाटोला, खोराटोला, कोलिहालमती, जोशीलमती, लुलीकसा, फाफामार सहित अन्य ग्रामवासियों ने हजारों की संख्या में आज पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में शराब दुकान को हटाने शराब दुकान का घेराव कर दिया।



#### ग्राम सभा से अनुमोदन नहीं

जिस जमीन पर शराब दुकान का संचालन हो रहा है, उस जमीन को गैंदाटोला के ही पुरषोत्तम कंवर व रामसेवक कंवर ने पशुओं के चारागाह के लिए दान में दी थी, किन्तु प्रशासन ने बिना ग्रामीणों की सहमति व बिना ग्रामसभा के निर्णय लिए उक्त भूमि को शराब दुकान के लिए दे दी, जो शासकीय प्रक्रिया के पालन न होने के कारण विवाद का विषय बन गया है।

#### ग्रामीणों ने दिया अल्टीमेटम

क्षेत्र की महिलाओं ने अपनी व्यथा बताते कहा कि हमें इस रास्ते पर गुजरने हजार बार सोचना पड़ता है। पहले हमारे गांव में आने के लिए पहुंच मार्ग नहीं था, किन्तु पूर्व सरकार में पूर्व विधायक छन्नी साहू द्वारा हमारे गांव में पहुंच मार्ग का निर्माण कराया गया था, लेकिन इस मार्ग पर अब शराब भट्ठी खोलकर हमारे व हमारे बच्चों के जीवन को नरक के समान कर दिया। आए दिन शराबियों द्वारा रास्ते में गाली-गलौज, मारपीट के साथ-साथ छोटी-छोटी बच्चियों के साथ छेड़खानी भी करते हैं। जिससे हम बहुत परेशान हो चुके हैं, अगर प्रशासन 5 बजे से पहले इस अवैध रूप से संचालित शराब दुकान को हटाने के लिए सकारात्मक निर्णय नहीं लेते हैं, तो इसके बाद आबकारी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ थाना में एफआईआर दर्ज कराएंगे।

#### अवैध दुकान का संचालन- छन्नी

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि शासन पूरे नियमों को ताक में रखकर अवैध रूप से गैंदाटोला शराब दुकान का संचालन कर रही है, न ही ग्रामीणों से सहमति ली गई, न ही उक्त जमीन में शराब दुकान के संचालन हेतु ग्रामसभा में अनुमोदन किया गया है। इस क्षेत्र की महिलाएं, छात्र-छात्राओं व गणमान्य नागरिक पर इस शराब दुकान का प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। नुन्हाटोला मार्ग से गुजरने वाले छोटे-छोटे बच्चे शराबियों व अन्य असामाजिक तत्वों से परेशान है। इस शराब दुकान के पास से गुजरने वाले नाले में नुन्हाटोला के ग्रामीण निस्तारी करते हैं, लेकिन शराबियों द्वारा इस नाले में पानी पाउच, डिस्पोजल, शीशियों को नाले में बहा दिया जाता है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस अवैध रूप से संचालित शराब दुकान को यहां से नहीं हटाने के लिए प्रशासन द्वारा सकारात्मक जवाब नहीं दिया जाएगा, तब तक हम यहां से हटने वाले नहीं है।





**खबर संक्षेप**

## किसान मोर्चा के महामंत्री नियुक्त हुए जेठूराम निर्मलकर

**हरिभूमि कुण्डा।** भाजपा मंडल कुण्डा किसान मोर्चा में जेठूराम निर्मलकर सरपंच केशली खुर्द निवासी को किसान मोर्चा में महामंत्री नियुक्त किया गया है। जिसे भाजपा कार्यकर्ताओं व किसानों एवं जन-मानस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। श्री निर्मलकर के सेवा-भाव संगठन के प्रति लगाव और काम करने कि क्षमता के अनुरूप भाजपा किसान मोर्चा मंडल कुण्डा में जेठूराम निर्मलकर को महामंत्री नियुक्त संगठन के द्वारा किया गया।

# गौरवपथ निर्माण की धीमी गति देख नाराज हुए नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

- निर्माण को लेकर अधिकारी व ठेकेदार को चेतावनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने गुरूवार को 10 करोड़ 73 लाख रूपए की लागत से निर्माण होने वाले गौरवपथ निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य में धीमी गति पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह मार्ग शहर के गौरव के रूप में जाना जाएगा, इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी। उन्होंनें निर्माण कार्यो की सतत मॉनिटरिंग किए जाने व प्रतिदिन स्थल का निरीक्षण कर जियो फोटोग्राफ्स निकाय के व्हॉटसअप ग्रुप में प्रेषित करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सभापति व वार्ड पार्षद देवा साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम, उप अभियंता राजेश मिश्रा, ठेकेदार वनित सिंह छाबड़ा, वार्डवासी गण उपस्थित थे ।

### गुणवत्ता को ध्यान में रख कार्य में गति लाने निर्देश

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शहर के बहुप्रतीक्षित गौरव पथ मार्ग के निर्माण कार्य का आज सुबह अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। 10 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से बन रहे इस महत्वपूर्ण गौरव पथ मार्ग को लेकर उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदार को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप, गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा के भीतर पूर्ण होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने निर्माण कार्य की प्रगति, सामग्री की गुणवत्ता, लेवलिंग, ड्रेनेज व्यवस्था एवं साइड डेवेलपमेंट का बारिकी से अवलोकन किया। कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि कछुआ चाल से चल रहे कार्य किसी भी स्थिति में बर्दास्त नही होगी। ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि मशीनरी, मजदूरों और मानव संसाधनों की संख्या बढ़ाकर कार्यो में गति लाने को कहा।



### गौरव पथ कवर्धा शहर का गौरव

अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने दो टूक कहा कि गौरव पथ शहर का गौरव है। यह मार्ग केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शहर की प्रतिष्ठा और विकास का प्रतीक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्य में लापरवाही, गुणवत्ता में कमी या अनावश्यक देरी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों पर सीधी जिम्मेदारी तय की जाएगी और नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य जनता की सुविधा के लिए होते हैं, इसलिए निर्माण के साथ-साथ जनसुरक्षा और यातायात व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जाए। यह प्रोजेक्ट शहर की छवि से जुड़ा हुआ है और इसे हर हाल में समय पर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाएगा।

## समय पर सहायता से मजबूत होगा किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था

# खुशहाली की खुशहोली, किसानों को मिलेगी धान की एकमुश्त अंतर राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

होली का त्यौहार इस बार जिले के किसानों के लिए सिर्फ रंगों की नहीं, बल्कि समृद्धि और खुशहाली की सौगात





लेकर आया है। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि होली से पहले एकमुश्त देने के निर्णय ने गांव-गांव में उत्साह का माहौल बना दिया है। यह राशि किसानों के जीवन में आर्थिक राहत के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा रही है।

ग्राम खिरशाली के किसान मूलचंदन पाटिल के लिए यह निर्णय किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने इस वर्ष धान खरीदी केंद्र में 31.20 क्विंटल धान बेचा था, जिसकी समर्थन मूल्य की राशि उन्हें समय पर बैंक खाते में मिल गई। अब अंतर राशि भी होली से पहले मिलने की खबर से उनके परिवार में खुशियों की लहर दौड़ गई है। श्री पाटिल बताते हैं कि इस बार खरीदी केंद्र में पूरी प्रक्रिया सहज और व्यवस्थित रही, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। वे कहते हैं कि इस राशि से वे अपने बच्चों के लिए नए कपड़े, घर की आवश्यक सामग्री और त्यौहार के लिए रंग-गुलाल खरीद सकेंगे।

ग्राम छांटा के किसान भोलाराम चंद्रवंशी ने बताया कि 5.57 एकड़ में धान तथा शेष भूमि में गन्ने की खेती करते हैं। इस सीजन उन्होंने 84.40 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा। वे बताते हैं कि समय पर भुगतान मिलने से उन्हें आर्थिक चिंता नहीं रही और अब होली से पहले अंतर राशि मिलने से घर की आवश्यक जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ खेती के कामों में भी सुविधा होगी। उनका कहना है कि त्यौहार के समय यह राशि मिलना परिवार के लिए बहुत बड़ी राहत है।

### अंतर राशि होली से पहले मिलने की घोषणा ने उनकी आर्थिक योजनाओं को नया बल दिया



ग्राम मोटियारी के किसान मेलनराम जायसवाल ने भी सरकार के इस निर्णय पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने इस वर्ष लगभग 212 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा है। मूल भुगतान उन्हें पहले ही मिल चुका है, लेकिन अंतर राशि होली से पहले मिलने की घोषणा ने उनकी आर्थिक योजनाओं को नया बल दिया है। उनका कहना है कि होली के बाद खेती का नया सीजन शुरू हो जाता है, ऐसे में यह राशि पारिवारिक जरूरतों के साथ-साथ खेती-किसानी के कार्यों में बहुत उपयोगी साबित होगी। वे इस राशि से ट्रैक्टर ट्रॉली खरीदने की योजना बना रहे हैं, जिससे खेती का काम आसान होगा और आय के नए अवसर भी बढ़ेंगे। किसानों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय उनकी जरूरतों को पूरा करती है। होली से पहले आर्थिक सहायता मिलने से न केवल त्यौहार की खुशियां दोगुनी हुई हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यह पहल से समय पर मिला सहयोग किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। इससे त्यौहार भी खुशहाल, खेती भी सशक्त और भविष्य भी सुरक्षित होगी।

# विधायक ने सड़क नवीनीकरण, आवास और स्वास्थ्य सुविधाओं का उठाया प्रश्न

## जनहित से जुड़े प्रश्न सदन के समक्ष रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के चौथे दिवस गुरूवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित प्रश्न सदन के समक्ष पूछा। इस दौरान उन्होंने पंडरिया विधानसभा में सड़कों के नवीनीकरण, शासकीय अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता, पात्र हितग्राहियों को आवास एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रोत्साहन राशि जैसे जनहित के विषयों को प्रमुखता से रखा।



श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूछा कि कबीरधाम जिले में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत दिसम्बर, 2023 से जनवरी, 2026 तक कितनी नई एवं पुरानी सड़कों के नवीनीकरण हेतु स्वीकृति मिली है? इनमें से कितनी सड़कों का निर्माण पूरा किया जा चुका है? लंबित सड़कों के निर्माण को पूरा करने के लिए विभाग ने क्या कोई समय-सीमा निर्धारित की है? सदन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत दिसम्बर, 2023 से जनवरी, 2026 तक 28 नई सड़कों की स्वीकृति मिली है तथा पुरानी सड़कों के नवीनीकरण हेतु स्वीकृति निरंक है। इनमें से 9 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, 17 अपूर्ण है तथा 1 अप्रारम्भ है। भावना बोहरा में सदन को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विगत 10 वर्षो से एक भी सड़कों के नवीनीकरण हेतु स्वीकृति प्रदान नहीं कि गई है और 45 ऐसे सड़कें हैं जिनके नवीनीकरण की तत्काल आवश्यकता है परंतु विगत 5-10 वर्षो से उन सड़कों का नवीनीकरण नही किया गया है। जिससे क्षेत्रवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने 6 ऐसे सड़कों का उल्लेख किया जो चलने की स्थिति में नही हैं उसका नवीनीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के नवीनीकरण हेतु मद को लेकर भी असमंजस बना हुआ है, जिसकी वजह से नवीनीकरण में विलंब हो रहा है। भावना बोहरा ने प्रमुखता से उन 45 सड़कों सहित बकेला से खाम्ही, खैरावार से बोड़तरा, देवसरा से गोरखपुरकला व अन्य 3 सड़कों को भी उस सूची में शामिल कर कुल 51 सड़कों के नवीनीकरण हेतु अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने व इसमें आ रहे अवरोधों को दूर करने सदन से मांग की।

### पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत पहले ही स्वीकृति मिलने की बात कही गई

भावना बोहरा ने कहा कि बांगर मुख्य मार्ग से लेकर कोटनापानी सोलापारा तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क 138.61 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई परंतु कुछ दिनों बाद उसे निरस्त कर दिया गया और विभाग द्वारा उसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पहले ही स्वीकृति मिलने की बात कही गई जो कहीं न कहीं प्रशासनिक चूक है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विषय को वह स्वयं संज्ञान में लेंगे।

### सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना सूची में दर्ज के संबंध किया प्रश्न

भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना सूची में दर्ज पात्र परिवारों में से कितने परिवारों को आवास प्रदान किया जा चुका है? वर्तमान में कितने परिवार आवास से वंचित हैं? पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत आवासों के विरूद्ध पूर्णता का प्रतिशत क्या है? पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में कितने आवास निर्माणधीन और कितने पूर्ण हुए हैं ? पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अपूर्ण आवास कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है? जिसके लिखित उत्तर में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना सूची में दर्ज पात्र परिवारों को आवास प्रदान करने के संबंध में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी निरंक है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत आवासों के विरूद्ध पूर्णता का 93.59 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में 2,235 आवास निर्माणधीन और 32,614 आवास पूर्ण है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण कार्य हितग्राही द्वारा स्वयं कराया जाता है, अतः निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

## विधायक के प्रयास से महाविद्यालय कुण्डा को मिली 4.65 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

मंगलवार को साय सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने इस सत्र का बजट पेश किया, जिसमें छत्तीसगढ़ के समग्र विकास हेतु स्वीकृत बजट रहा ग्राम कुण्डा के विकास हेतु स्वास्थ्य सेवा व उच्च शिक्षा की प्रगति हेतु शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सामुदायिक केन्द्र के लिए प्रावधान रखा। विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अथक प्रयास से वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बजट में कुण्डा में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक केन्द्र उन्नयन हेतु स्वीकृति दी। इस हेतु शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुण्डा दिनेश मिश्रा ने आभार व्यक्त किया है साथ ही बालमुकुंद चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम निर्मलकर महाविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा पूर्व सरपंच मुमताज अहमद बाबूलाल रजक उमेश चंद्राकर कृष्णा चंद्राकर दया टंडन आदि लोगों ने बजट सत्र 2025-26 वित्त मंत्री ओ पी चौधरी पंडरिया विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया है।





### लालपुर कला-रवेली में डे-नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम पंचायत लालपुर कला में डे-नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस डे-नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर पालिका कवर्धा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि लालपुर कला के स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से किया गया यह आयोजन सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से गांव के खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है और वे भविष्य में राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं। उद्घाटन अवसर पर रवेली और खैरीपार के बीच पहला मुकाबला खेला गया। वहीं अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लालपुर, लखनपुर, नेवारीगुड़ा, दुल्लापुर और रवेली के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थें। इस दौरान जनपद सदस्य सुरेंद्र चंद्रवंशी, सरपंच उमेंद्र, मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्रवंशी, महामंत्री दिनेश चंद्रवंशी, प्रमोद, भरत, श्रवण, मनोज सहित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थें। वहीं लालपुर कला क्रिकेट टीम के कप्तान लोकेश-अमित यादव के नेतृत्व में नारायण, सूरज, शिवा, दिनेश, चंद्रप्रकाश, मुकेश, विनय, नीतीश, चंदेश्वर, बिन्नू, रामेश्वर, संजय, अक्षय सहित अन्य खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। ग्रामीणों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

## प्रतापपुर से दामापुर तक पीएम सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

एक गांव को दूसरे ग्राम व जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। वहीं विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर से कापा, भगतपुर, धनेली, कोलेगांव, सेमरकोना, निगापुर, दामापुर तक लम्बी प्रधानमंत्री सड़क का कार्य प्रारंभ हो गया ,है जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को जर्जर सड़क से छुटकारा मिलेगा। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार यह रोड अत्यंत जर्जर था, जगह-जगह सड़क पर छोटे बड़े गड्ढे होने से ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। वहीं कई बार शिकवा शिकायत तथा मांग को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा द्वारा संज्ञान में लिया और इन सड़कों के लिए स्वीकृत राशि जारी किया। वहीं ग्राम प्रतापपुर से दामापुर तक पीएम सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ व तेजी से हो रहा है, जिससे आवागमन करने वाले राहगीरों को इन सड़कों से राहत व सुविधा मिलेगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रतापपुर-दामापुर मुख्य मार्ग जिला मुख्यालय कबीरधाम एवं मुंगेली जिला को जोड़ता है, वहीं सड़क के बनने से आम नागरिकों को राहत मिलेगा, जिसमें ओमप्रकाश यदु, रामाधार शर्मा, छत्र किशोर सानू तिवारी, मनहरण साहू, विकास पांडेय, भोला चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, सुधाराम साहू, मोहन चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, श्रीमती भानुमती साहू, माखन चंद्रवंशी, भागीरथी सोनवानी, संजय चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, डॉ संतोष साहू, परमेश्वर साहू, भागवत साहू, धर्मेंद्र साहू, बबलू चंद्रवंशी, डॉ संतोष धुर्वे, शेखर सिंगरौल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा व भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## जिला कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों को अर्जुन तिवारी ने बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के नवनियुक्त पदाधिकारियों को कांग्रेस नेता अर्जुन तिवारी ने बधाई देते हुए अपेक्षा किया कि वे सभी आपस में समन्वय व सामंजस्य बनाकर एक-जुटता के साथ संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें, ताकि जन विरोधी विष्णु देव साय सरकार के नाकामियों को आम जनता के बीच प्रभावी तरीके से उजागर कर सके। श्री तिवारी ने कहा कि जिले के वरिष्ठ नेताओं व पार्टी के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों तथा विधानसभा चुनाव लड़ चुके, कांग्रेस जनों को पार्टी के संविधान के मुताबिक जिला कांग्रेस कमेटी में विशेष आमंत्रित व स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल करने का मांग किए हैं ताकि नए और पुराने नेताओं के समन्वय से जिले में अच्छा संदेश जा सके। इस संदर्भ में चर्चा करने वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज तथा पूर्व मुख्यमंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल व नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत व पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत करायेंगे।



**NAME CHANGE OF A MINOR**

I,DHANESHWAR YADAV S/O RAMBIHAR YADAV R/o-h-no 10/1, ward no 12, saihamalgi (post), patharri,,Kawardha, Chhattisgarh-491559 have change the name of my minor daughter TANU YADAV aged 9 Years and she shall hereafter be known as SEVTI YADAV. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

DHANESHWAR YADAV
[Signature of Guardian]
Name of Applicant

### नन्हें-मुन्हें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

# विनायक स्कूल में प्रतिभा सम्मान व वार्षिकोत्सव की रही धूम




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल कवर्धा में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि ईश्वरी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष, जसविंदर बग्गा पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा, सांसद प्रतिनिधि गजराज सिंह ठाकुर, डॉ नारायण साहू चेयरमैन, श्रीमती लक्ष्मी साहू अध्यक्ष दानवीर भामाशाह शिक्षण समिति, शिवेंद्र चंद्रवंशी, दुर्गेश अवस्थी सभापति, धर्मेंद्र तिवारी पार्षद, राजेश चंद्रवंशी शिक्षाविद, योगेश्वर साहू, सागर मानिकपुरी, पुरुषोत्तम साहू एवं अन्य सभी अभिभावकों की उपस्थिति में सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर तिलक लगाकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा श्री गणेशा देवा व स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना ग्रुप डांस के साथ बुके, फूलमाला एवं स्मृति चिन्ह देकर के आत्मीय स्वागत व सम्मान पश्चात, स्कूल के प्राचार्या श्रीमती तृप्ति कश्यप के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

एक शाम नन्हे-मुन्हे बच्चों के नाम के साथ 7वां वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए एवं प्रतिभा से ओत-प्रोत स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं व स्कूल एकेडमिक सभी कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिभाशाली गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ नारायण साहू के द्वारा वर्तमान व आगामी कार्ययोजना के विषय में विस्तृत जानकारीयां साझा किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्माननीय अतिथियों के द्वारा भी अपना अनुभव व शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन किया गया।

### बच्चों ने प्रस्तुतियां दी

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना, स्वागत डान्स, श्री गणेशा देवा, नवदुर्गा देवियों का नव स्वरूप, शिव तांडव, बम लहरी, अयोध्या हो नगरी जैसे एवं राम आएंगे व राम दरबार, वृंदावन की कुंज गली में राधे-राधे, होली आई रे, देशभक्ति, एवं भारत देश की विभिन्न राज्यों की साान्ग व कल्चरल प्रोग्राम के साथ भारतीय संस्कृति परंपरा एवं भारत देश की बारहमासी अलग-अलग विधाओं एवं परंपराओं को ध्यान में रखते हुए तथा अपनी छत्तीसगढ़ महतारी की विशेष श्रृंगार से सजे हुए विभिन्न छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य गीतों के साथ स्पीच एवं मोबाइल एडिक्शन, ऑपरेशन सिंदूर एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश जैसे स्वच्छता, नशामुक्ति, साक्षरता अभियान, बेटी बचाव-बेटी पढ़ाव इत्यादि से समृद्ध भारत एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण कैसे हो, ड्रामा के माध्यम से जीवंत प्रस्तुतियां दी गई।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**हादसा:** चालक की मौके पर ही मौत, साथी सवार गंभीर रूप से घायल

# तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप पुलिया से नीचे नाले में गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

राजनांदगांव से सड़क मार्किंग का पेंट छोड़कर लौट रही एक पिकअप वैन गुरुवार शाम भीषण हादसे का शिकार हो गई। पंडरिया से लगभग 7 किमी पहले क्रांति जलाशय के पास तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नाले में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में वाहन चालक जावेद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार सुरेश नामक युवक घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एलके 6630 डिंडोरी (लोरमी) में सामान अनलोड करने के बाद बदौरा-पंडरिया के रास्ते चिल्फी घाटी की ओर जा रही थी। शाम करीब 4 बजे जैसे ही वाहन नाले की पुलिया पर पहुंचा, अधिक रफ्तार के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुए वाहन सीधे नाले में जा गिरा, जिससे उसके परखच्चे उड़ गए। वहीं हादसे में वाहन सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद रहगीरों ने इसकी जानकारी तत्काल पंडरिया पुलिस को दी। हादसे की सूचना मिलते ही पंडरिया पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि चालक का शव वाहन के नीचे बुरी तरह फंस गया था, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके पर ही पंचनामा तैयार मर्ग कायम कर लिया है वहीं घायल सुरेश को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**जिले की सड़कों में नहीं थम रहे सड़क हादसे**



यहां बताना लाजिमी होगा की जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अभी हाल ही में पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा माह का आयोजन कर लोगों को सुरक्षित आवागमन के लिए कई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक करने का प्रयास भी किया। लेकिन वाहन चालकों की न तो लापरवाही कम हो रही है न ही रफ्तार में लगाम लग पा रही है। जिसके कारण आए दिन जिले के थाना क्षेत्रों से छोटे बड़े सड़क हादसों की खबरें सामने आ रही है जिनमें लोगों की जान भी जा रही है।

# विद्युत विकास के मामले में कबीरधाम जिले में लिखी गई नई इबारत

- कृषक उपभोक्ता 16 गुना तो घरेलू उपभोक्ताओं 5 गुना बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद से पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के द्वारा कबीरधाम जिले में विगत 25 वर्षों में बहुत तेजी से विद्युत अधोसंरचना एवं विद्युत विकास के कई नये कीर्तिमान स्थापित किए गए है। राजनांदगांव जिले से अलग होकर दिनांक 06 जुलाई सन 1998 को नवीन जिला कबीरधाम के रूप में अस्तित्व में आया। इस नए जिले के निर्माण के समय लेकर अब तक विद्युत विकास के कार्यों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2000 से 2025 तक के तुलनात्मक आकड़े यह दर्शाता है कि जिले में कृषक उपभोक्ताओं की संख्या, घरेलु उपभोक्ताओ की संख्या, विद्युत लाइनों की लंबाई, नये सबस्टेशनों का निर्माण, उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि के कार्य, वितरण ट्रांसफार्मरों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। विगत 25 वर्षों में विद्युत अधोसंरचना विकास एवं विद्युत प्रदाय की निरंतरता और विश्वसनीयता के कारण जिले में उपभोक्ताओं की संख्या 44573 से बढ़कर 2,02019 हो गई है। बिजली की पर्याप्त उपलब्धता के कारण कृषक उपभोक्ताओं की संख्या 2416 से बढ़कर 38999 हो गई। इस प्रकार 25 वर्षों में विद्युत उपभोक्ताओं में 05 गुना एवं कृषक उपभोक्ताओं 17 गुना की वृद्धि दर्ज हुई है जिनके लिए सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने विद्युत अधोसंरचनाओं में विस्तार एवं मैदानी अमलों को तैयार किया है। वर्ष 2000 की तुलना में कबीरधाम जिले में 132/33 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या 01 से बढ़कर 4 हो गई। इसी तरह 132/33 केव्ही उपकेन्द्रों की क्षमता 40 एमव्हीए से बढ़कर 343 12445 हो गई। विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए विद्युत लाइनो का जाल बिछाया गया है, जिससे उच्चदाब लाइनों की लंबाई 179 किलोमीटर से बढ़कर 835 किलोमीटर हो गई तथा निम्नदाब लाईनों की लम्बाई 962 से बढ़कर 4853 किमी हो गई, जिससे अंतिम छोर के उपभोक्ता तक निर्बाध बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित हुआ है। जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 01 करोड़ 93 लाख रूपये की लागत से 55 ग्रामों में कुल 507 हितग्राहियों को विद्युत कनेक्शन प्रदाय किया गया है। वर्तमान में कबीरधाम जिलें में 09 नवीन 33/11 केव्ही उपकेन्द्र निर्माण की स्वीकृत मिली है। साथ ही विद्यमान उपकेन्द्रों में 15 अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है, अन्य विद्युत विकास कार्यो के लिए 94 करोड़ 75 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। छत्तीसगढ़ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि विद्युत कंपनी द्वारा कबीरधाम जिलें में 01 वृत्त, 02 संभाग, 01 जोन, 06 उपसंभाग एवं 21 वितरण केन्द्रों के माध्यम से विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत सुविधाएं प्रदाय की जा रही है। कबीरधाम जिले में घरेलु उपभोक्ताओं को आधुनिक सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से अब तक 88,849 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। आगामी समय में अत्याधुनिक तकनीकों के जरिये विद्युत वितरण प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास रहेगा।



## खबर संक्षेप

### प्रशांत खांडे बने कांग्रेस कमेटी के महामंत्री



**कुण्डा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रभारी महामंत्री छत्तीसगढ़ मलकीत सिंह गेंदु के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कांग्रेस कमेटी महामंत्री के पद पर ग्राम अमली मालगी के प्रशांत खांडे के कंधे पर यह जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति पर समर्थकों ने बधाई दी है।

### होली के दिन 04 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने होली (जिस दिन रंग खेला जाये) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। 04 मार्च को कबीरधाम जिले की सभी प्रकार की मदिरा दुकाने अर्थात देशी, विदेशी मंदिरा, कम्पोजिट मदिरा की दुकाने एफएल 3 (ग) पर्यटन बार, मद्य भण्डारण तथ मदिरा दुकानों के संलग्न आहतों को पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया है और शुष्क दिवस पर मदिरा का अवैध विक्रय, धारण एवं परिवहन नहीं हो सुनिश्चित किया जायें।

### स्टार्ट अप उद्यमिता पर कार्यशाला का आयोजन

**कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा और शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महराजपुर में स्टार्ट अप उद्यमिता कार्यशाला, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों को स्टार्टअप एवं शासन के विभिन्न संचालित योजनाओ की जानकारी व बैंकों द्वारा वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। स्टार्टअप उद्यमिता कार्यशाला, जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 80 विद्यार्थी उपस्थित हुए।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण 27 एवं 28 फरवरी को

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी गोपाल वर्मा ने जानकारी दी है कि भारत की जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि में संपन्न किया जाएगा। जनगणना कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से कबीरधाम जिले में 27 एवं 28 फरवरी 2026 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा।

# राष्ट्रीय मांग दिवस पर कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली के बैनर तले 26 फरवरी 2026 को आयोजित राष्ट्रीय मांग दिवस पर छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने संघ की मांगों को लेकर देश के प्रधानमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप चन्द्रवंशी ने बताया कि इस मांग पत्र के माध्यम से मुख्य रूप से सभी संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किए जाने, संविदा, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी रोजगार बंद किए जाने, राज्य सरकार के विभागों और पीएसयू में सभी रिक्त पद नियमित आधार पर भरे जाने, पीएफआरडीए एक्ट निरस्त किए जाने, एनपीएस/यूपीएस समाप्त किए जाने, फंड मैनेजरों को निर्देश किए जाने की जमा राशि राज्य सरकारों को वापस करें। ईपीएस-95 के राभी सदस्यों को परिभाषित लाभ पेंशन प्रणाली में लाए जाने, पेंशन अधिनियम 2025 को निरस्त कर ओपीएस के तहत पेंशनरों के अधिकार बहाल किए जाने, चारों श्रम संहिताएं (लेबर कोड्स) निरस्त किए जाने, पीएसयू का निजीकरण /निगमीकरण और सरकारी विभागों का डाउनसाइजिंग बंद किए जाने, 8 वें वेतन आयोग (सीपीसी) के संदर्भ की शर्तों की समीक्षा किए जाने, हर पांच वर्ष में नियमित वेतन संशोधन सुनिश्चित किए जाने, न्यूनतम आरएस 5000 की शर्त के साथ मूल वेतन का 10 प्रतिशत अंतरिम राहत दिए जाने, सरकार के सहयोग से एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने, जिसमें सभी अस्पतालों में नकद रहित (कैशलेस) उपचार सुनिश्चित हो और इसमें पेंशनरों, कर्मचारियों तथा संविदा कर्मचारियों को शामिल किए जाने, राष्टीय शिक्षा नीति (नेप) को वापस लिए जाने, शिक्षकों के लिए अनिवार्य टेट आदेश वापस लिए जाने संविधान के अनुच्छेद 310, 311(2) (ए) (बी) (सी) को निरस्त किए जाने, राज्यों में लंबित डीए/डीआर की सभी किश्तें प्रभावी तिथि से एरियर सहित जारी किए जाने, केन्द्र-राज्य संबंधों को पुनः परिभाषित किए जाने, सहकारी संघवाद (को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म) की रक्षा किए जाने सहित संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता को बनाए किए जाने तथा सभी प्रकार के सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष किए जाने की मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने के दौरा संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।



## हाई स्कूल छिरहा में बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु आत्मरक्षा प्रशिक्षण जारी



**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा में छात्राओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के लिए तीस दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वे आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सीख रही हैं। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन चुका है, जिसे ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण निरंतर जारी है। इस प्रशिक्षण में छात्राओं को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनने के लिए मार्शल आर्ट्स और जूडो-कराटे की बुनियादी तकनीकें सिखाई जा रही हैं, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी निडर और सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को विषम परिस्थितियों में सूझबूझ से काम लेने और हमलावर का डटकर मुकाबला करने के तरीके बताए जा रहे हैं। विद्यालय के इस तीस दिवसीय प्रशिक्षण में बालिकाएँ अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक हो रही हैं और दैनिक अभ्यास के माध्यम से आत्मविश्वास अर्जित कर रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से बालिकाओं के भीतर छिपे डर का खात्मा होगा और वे समाज में बिना किसी संकोच के सुरक्षित आवागमन कर सकेंगी। रानी लक्ष्मी बाई के नाम पर संचालित यह अभियान छात्राओं को उनके गौरवशाली इतिहास की याद दिलाते हुए उन्हें आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार कर रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यवहारिक जीवन में आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण प्रभारी कल्पना मरावी की उपस्थिति में प्रशिक्षक अजय पटेल द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से बालिकाओं में आत्मबल और साहस का संचार हो रहा है।

# चिल्फी एवं रेंगाखारकला सहित सभी अस्पतालों में समय पर मिले स्वास्थ सुविधाः ईश्वरी साहू



- नवनियुक्त सीईओ की उपस्थिति में विभागों के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के वनांचल क्षेत्र चिल्फी रेंगाखारकला एवं अन्य स्थानों के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर सहित स्टाफ अपनी सेवाएं निरंतर प्रदान करे। शासन द्वारा निर्धारित सभी प्रकार की जांच एवं अन्य सुविधाएं ग्रामीणों को समय पर मिले तथा ड्यूटी में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उक्त निर्देश जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सामान्य सभा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान दिए। अध्यक्ष ने विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, सहित आयुष्मान कार्ड अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा का लाभ ग्रामीणों को मिले यह सुनिश्चित हो। स्वास्थ्य विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग एवं जिला पंचायत का वार्षिक बजट 2026-27 पर सामान्य सभा में चर्चा की गई। जिला पंचायत कबीरधाम के सभा कक्ष में गत दिवस सामान्य सभा का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीकाकरण संस्थागत प्रसव उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान सहित अन्य जानकारी सभी सदस्यों को दी गई। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी द्वारा आयुष्मान योजनांतर्गत पंजीकृत अस्पतालों एवं स्वास्थ्य बीमा के लाभ पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री जन औषधी योजना अंतर्गत जेनरिक दवाईयों की उपलब्धता एवं अन्य स्थानों पर नए औषधि केंद्र खोलने पर चर्चा की गई। उप स्वास्थ्य केन्द्र चियाडाड़ में स्टाफ नहीं होने का विषय सदस्य श्रीमती दीपा धुर्वे द्वारा उठाया गया। जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे द्वारा जिला चिकित्सालय में श्रवण बाधित मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बनने का विषय उठाया गया, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट द्वारा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टाफ की उपलब्धता एवं उपस्थिति तथा आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सुविधाओं का विषय रखा गया। सदस्य वीरेन्द्र कुमार साहू द्वारा ग्राम मानिकचौरी में प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र के खुलने एवं एएनम सहित स्टाफ के रूकने की व्यवस्था से संबंधित जानकारी चाही गई। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, अध्यक्ष जनपद पंचायत पण्डरिया श्रीमती नन्दनी साहू एवं अन्य सदस्यों ने अपने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों को रखा।

# भाजपा किसान मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला, जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विगत दिनों दिल्ली भारत मंडपम में आयोजित एआई सम्मेलन में युवा कांग्रेस द्वारा अर्धनग्न प्रदर्शन कर देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए भाजपा किसान मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा किसान मोर्चा ने इस अवसर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित विशाल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भव्य आयोजन रखा गया था। इस भव्य आयोजन में विश्व से लगभग 80 देश से ऊपर प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया जो देश और दुनिया के आधुनिकीकरण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। लेकिन इस बैठक के बीच यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा जो कृत किया गया है वो देश की गरिमा को तार-तार करने वाला है जिसके लिए देश कभी कांग्रेस पार्टी को माफ नहीं करेगा। भारतीय जानता पार्टी किसान मोर्चा इसका कड़ा विरोध करता है। राष्ट्रीय निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा आलोक सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चंद्राकर के आव्हान पर जि ला ध्य क्ष किसान मोर्चा पवन पटेल महामंत्री नरेश साहू एवं भोला सिन्हा के नेतृत्व में इस कृत्य के विरोध में जिला मुख्यालय में राहुल गांधी का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की।



## नगर का बाजार कराने लगा गर्मी का एहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अगर ये कहा जाए की मौसम में आए बदलाव का एहसास लोगों को बाजार कराता है तो गलत नहीं होगा। क्योंकि हर मौसम का अपना एक अलग बाजार होता है जिसमें मौसम के अनुरूप चीजें खरीदी और बेंची जाती है। बरसात के सीजन में बाजार रेन कोट, छाता, पॉलीथिन व दूसरे साजो सामान से सज जाता है। ठंड का मौसम हो तो बाजार में चारों तरफ गर्म कपड़े नजर आने लगते है। मौसम का असर सिर्फ कपड़े लत्तों की दुकानों पर ही नहीं दिखाई देता बल्कि खाने-पीने की चीजों में और फल-फूल की दुकानों में भी इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलता है। ठंड के बाद अब लोगों को बाजार गर्मी का अहसास कराने लगा है और दुकानदारों ने भी गर्मी के मौसम के अनुरूप अपनी-अपनी दुकाने सजा ली है।

## 28 फरवरी को जिले के किसानों को कृषक उन्नति आदान सहायता की जाएगी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

होली पर्व से पहले किसानों को बड़ी सौगात देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि जारी करने का निर्णय लिया है।

कबीरधाम जिले के 1 लाख 17 हजार 344 किसानों को कुल 461.82 करोड़ रुपए की आदान सहायता प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 28 फरवरी को राज्य स्तरीय धान बोनस वितरण कार्यक्रम के माध्यम से आदान सहायता राशि का अंतरण करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री किसानों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी करेंगे।

कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही बोड़ला, सहसपुर लोहारा और पंडरिया विकासखंड में कार्यक्रम आयोजित होंगे। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि त्यौहारी माहौल में न केवल किसानों की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा, बल्कि वे आगामी खरीफ सीजन की तैयारी भी बेहतर ढंग से कर सकेंगे।

यह राशि किसानों को खाद, बीज एवं अन्य कृषि आदानों की व्यवस्था में सहायक सिद्ध होगी। राज्य शासन की यह पहल किसानों की खुशहाली और समृद्धि के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। होली से पहले सहायता राशि जारी कर सरकार ने यह संदेश दिया है कि अन्नदाता की आर्थिक सुदृढ़ता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कृषक उन्नति योजना के माध्यम से सरकार कृषि क्षेत्र को मजबूत आधार प्रदान कर रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिल रही है।

